दैनिक **नवयत्न**

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 89 | सीकर, गुरूवार 28 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

### बकरीद 2026 : मुंबई पुलिस अलर्ट
## संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी, 12,000 से ज़्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात

नई दिल्ली।

**मुंबई** पुलिस ने बकरीद 2026 से पहले पूरे शहर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था तैनात की है, जिसमें 10,000 से अधिक कर्मी और विशेष इकाइयां शामिल हैं। यह कदम कानून व्यवस्था बनाए रखने और त्योहार को शांतिपूर्ण व सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। नागरिकों से सतर्क रहने और अधिकारियों के साथ सहयोग करने की अपील की गई है। मुंबई पुलिस ने 28 मई, 2026 को बकरी ईद के उत्सव से पहले पूरे शहर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों और विशेष इकाइयों को तैनात किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने, अधिकारियों के साथ सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है। हर साल की तरह, बकरीद 28 मई को पूरे ग्रेटर मुंबई में धूमधाम से मनाई जाएगी। बड़ी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने की आशंका को देखते हुए, मुंबई पुलिस ने मुंबई पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन और संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) की देखरेख में पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया है। त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए मुंबई पुलिस ने शहर भर में 8 अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, 21 पुलिस उपायुक्त, 61 सहायक पुलिस आयुक्त, 1,980 पुलिस अधिकारी और 10,110 पुलिस कांस्टेबल तैनात किए हैं। नियमित पुलिस तैनाती के अलावा, दंगा नियंत्रण पुलिस (आरसीपी), प्रदर्शन-विरोधी दल, राज्य आरक्षित पुलिस बल (एसआरपीएफ) की प्लाटून, त्वरित प्रतिक्रिया दल, डेल्टा यूनिट, लड़ाकू दल और होम गार्ड सहित विशेष इकाइयों को भी प्रमुख और संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है। त्योहार संबंधी गतिविधियों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

मुंबई पुलिस ने नागरिकों से भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संयम बरतने, नियमों का पालन करने और शांतिपूर्ण उत्सव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षाकर्मियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है। पुलिस ने जनता से यह भी अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध वस्तु या असामान्य गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। आपातकालीन पुलिस सहायता की आवश्यकता वाले नागरिकों को हेल्पलाइन नंबर 100 या 112 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। मुंबई पुलिस ने निवासियों से बकरी ईद को जिम्मेदारीपूर्वक मनाने और त्योहार के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की है।

### ट्रांसजेंडर कानून पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा केंद्र
## याचिकाओं को ट्रांसफर करने की मांग

नई दिल्ली।

**केंद्र** सरकार ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) (संशोधन) अधिनियम, 2026 के खिलाफ विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित सभी याचिकाओं को सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित और एकीकृत करने की मांग की है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष इस मामले को उठाते हुए शुक्रवार को तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया कि चूंकि कई उच्च न्यायालय इस कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहे हैं, इसलिए इस केंद्रीय कानून की वैधता पर अलग-अलग और विरोधाभासी न्यायिक फैसले आने का बड़ा जोखिम है। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि यदि शुक्रवार को नोटिस जारी हो जाता है, तो केंद्र सरकार उच्च न्यायालयों से अपनी कार्यवाही स्थगित करने का अनुरोध कर सकती है। हालांकि, सीजेआइ सूर्यकांत इस पर थोड़े असहमत दिखे। उन्होंने कहा कि अक्सर सर्वोच्च न्यायालय को प्रांतीय अदालतों (उच्च न्यायालय) के कानूनी तर्कों और दृष्टिकोणों का लाभ मिलता है, इसलिए वे पहले वहां की राय देखना चाहेंगे। गौरतलब है कि 2026 का यह संशोधन अधिनियम मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और एलजीबीटीक्यू समुदाय के कड़े कानूनी विरोध का सामना कर रहा है। विवाद की मुख्य वजह आत्म-पहचान के अधिकार को हटाना है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक नालसा फैसले में मान्यता दी थी। नए संशोधन में लिंग पहचान के लिए मेडिकल या प्रशासनिक हस्तक्षेप को अनिवार्य किया गया है, जिसे याचिकाकर्ता गरिमा और निजता के अधिकार का उल्लंघन बता रहे हैं।

### अमेरिका से डील फाइनल : ईरान का बड़ा दावा, कहा-
## होर्मुज खुलेगा, समझौते का ड्राफ्ट तैयार

**नई दिल्ली।** ईरान-अमेरिका और इजरायल युद्ध को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। ईरानी सरकारी टीवी ने बताया कि अमेरिका के साथ चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए एक समझौता ज्ञापन । शुरूआती, अनौपचारिक मसौदा तैयार हो गया है। इस मसौदे के तहत ईरान एक महीने के अंदर हार्मुज जलडमरूमध्य से कमर्शियल शिपिंग को युद्ध से पहले स्तर पर बहाल करने को तैयार है।

#### अमेरिका हटाएगा सैन्य टुकड़ियां

मसौदे के अनुसार अमेरिका-ईरान के आसपास अपनी सैन्य टुकड़ियों को वापस ले लेगा और नौसैनिक नाकाबंदी खत्म कर देगा। हालांकि यह प्रारंभिक समझौता सैन्य जहाजों को शामिल नहीं करता है। ईरान ओमान के सहयोग से होर्मुज में जहाजों की आवाजाही कंट्रोल करेगा। तेहरान ने साफ किया है कि बिना ठोस सत्यापन के कोई भी कदम नहीं उठाएगा।

#### 60 दिनों में अंतिम समझौता संभव

ईरानी मीडिया के मुताबिक अगर 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौता हो जाता है तो इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बाध्यकारी प्रस्ताव के रूप में अनुमोदित किया जा सकता है। यह MoU फरवरी में शुरू हुए ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद अप्रत्यक्ष वार्ताओं का नतीजा है।

#### पाकिस्तान की मध्यस्थ भूमिका

पाकिस्तान ने ईरान और अमेरिका के बीच केंद्रीय मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। युद्ध इस साल की शुरुआत में ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ने के बाद भड़का था। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए थे, जिससे खाड़ी क्षेत्र में शिपिंग बुरी तरह प्रभावित हुई और अमेरिका भी संघर्ष में शामिल हो गया।

### मुख्यमंत्री शर्मा की भीषण गर्मी को लेकर प्रदेशवासियों से अपील
# स्वास्थ्य का रखें विशेष ध्यान, लू से बचाव के जरूरी उपायों को दिनचर्या में अपनाएं
## सार्वजनिक स्थानों पर छांव एवं पानी की करें व्यवस्था

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में भीषण गर्मी और नौतपा के मद्देनजर प्रदेशवासियों से स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने एवं लू के प्रभावों से बचने के लिए जरूरी उपायों को दिनचर्या में अपनाने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बच्चों-बुजुर्गों और अस्वस्थ व्यक्तियों की देखभाल करने के साथ ही प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

उन्होंने आमजन से आह्वान किया है कि गर्मी के इस दौर में संवेदनशीलता और करूणा की भावना से जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आएं। वहीं, सार्वजनिक स्थानों पर छांव एवं शीतल जल की व्यवस्था करने तथा पशु-पक्षियों के लिए भी दाना-पानी उपलब्ध कराने में सक्रिय सहभागिता निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि तेज गर्मी के इस दौर में हमारे जनगणना कर्मी मेहनत और समर्पण से अपना दायित्व निभा रहे हैं। इसलिए उनके घर आने पर सहयोग की भावना को प्राथमिकता देते हुए उनका आदर-सत्कार करें। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।



## बॉर्डर के 15 किमी के दायरे में स्थित सभी अवैध ढांचें ध्वस्त होंगे



नई दिल्ली।

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के 15 किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी अवैध ढांचों को ध्वस्त करने का सख्त निर्देश दिया है, जिसमें जीरो-टॉलरेंस नीति का कड़ाई से पालन किया जाएगा। यह कदम सीमा सुरक्षा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ वित्तीय अनियमितताओं, फर्जी कंपनियों और सीमा पार तस्करी पर भी लगाम लगाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को देश की सीमाओं के 15 किलोमीटर के दायरे में अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू करने और पिछले कुछ वर्षों में बने ऐसे सभी ढांचों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने जिला मजिस्ट्रेटों को सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी बैंकों द्वारा बैंकिंग लेनदेन के कानूनी और वित्तीय अनुपालन को सुनिश्चित करने, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सत्यापन करने, उनके वित्तपोषण स्रोतों की जांच करने, फर्जी खातों और फर्जी कंपनियों का पता लगाने, फर्जी आधार कार्डों की पहचान करने और सीमा पार तस्करी को नियंत्रित करने की बढ़ी हुई जिम्मेदारी सौंपी है।

शाह ने बीकानेर में आयोजित एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से संबंधित सुरक्षा मुद्दों का आकलन किया। इससे पहले बीकानेर में सीमा चौकी पर बीएसएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने सीमा सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका और उनके लिए आवश्यक सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने के मामले में महिला कर्मी पुरुषों से दो कदम आगे बढ़ चुकी हैं और 2030 तक सीमा क्षेत्रों में तैनात महिलाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

शाह ने बताया कि राजस्थान में महिला कर्मियों के लिए 79 बैरक स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 67 का निर्माण लगभग 39 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो चुका है। गृह मंत्री ने सोमवार को 14 बैरक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा संरक्षित सीमावर्ती क्षेत्रों में महिलाओं की तैनाती की स्थिति सुधारने के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से 356 बैरक बनाए जाएंगे। शाह ने कहा कि राजस्थान के रेगिस्तान में एक पार्श्व सड़क (लिटरल रोड) का निर्माण शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि 1,096 किलोमीटर लंबी पार्श्व सड़क और 520 किलोमीटर लंबी अक्षीय सड़क (एक्ससीएल) बीएसएफ कर्मियों के लिए बेहतर सुविधाएं और संपर्क प्रदान करेगी।

## हड़ताल : राजस्थान में 1 जून से नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

**जयपुर।** राजस्थान में पेट्रोल पंप संचालकों ने एक जून से हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। पंप संचालकों का कहना है कि सरकारी तेल कंपनियों ( भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम एवं इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन) ने पेट्रोल पंप संचालकों पर पेट्रोल एवं डीजल बेचने की अलग-अलग लिमिट तय की है। साथ ही कंपनियां पेट्रोल पंपों से ब्रांडेड फ्यूल बेचने को लेकर दबाव बना रही है। वहीं आम उपभोक्ता सामान्य पेट्रोल एवं डीजल की मांग करता है। ऐसा नहीं करने पर पट्रोल पंपों पर नियमित आपूर्ति नहीं की जा रही है। पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र भाटी ने आरोप लगाया कि तेल कंपनियां एवं सरकारी विभाग पंप संचालकों को लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। राज्य सरकार का माप-तोल विभाग के अधिकारी पेट्रोल -डीजल कम मात्रा में देने का आरोप लगाकर बेवजह परेशान करते हैं। भाटी ने कहा कि काफी समय पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के समय वाहनों में उधार दिए गए डीजल का भुगतान अब तक नहीं किया जा रहा है।

## झुलसाती गर्मी से मिलेगी राहत
### तीन दिन आंधी-बारिश का अलर्ट..

नई दिल्ली।




उत्तर भारत में भीषण गर्मी और लू से परेशान लोगों को अब राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत कई राज्यों में 28 मई से आंधी, बारिश और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई है। मौसम में बदलाव के साथ तापमान में भी गिरावट आने की उम्मीद है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से तापमान 45 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश के बांदा, प्रयागराज और वाराणसी जैसे इलाकों में पारा 47 से 48 डिग्री तक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 29 मई से 5 जून के बीच देश के लगभग 80 से 90 फीसदी हिस्से में प्री-मानसून बारिश और गरज-चमक देखने को मिल सकती है। हिमालयी क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पहले से ही बारिश हो रही है। आने वाले दिनों में इसका असर मैदानी राज्यों में भी दिखाई देगा।

दिल्ली का मौसम : दिल्ली में 27 मई को आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री तक रह सकता है, जिससे रात में भी गर्मी महसूस होगी। 28 और 29 मई को दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवाएं और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। 29 मई को 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। मौसम विभाग ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया है। दिन और रात दोनों समय बारिश के कई दौर आने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश का मौसम : पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 से 31 मई के बीच हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। इसके साथ बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। दिल्ली से सटे पश्चिमी यूपी और पूर्वांचल के कई इलाकों में 28 और 29 मई को 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी आने की चेतावनी दी गई है। इससे गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन तेज हवाओं और बिजली गिरने से नुकसान की आशंका भी बनी रहेगी।

राजस्थान का मौसम : राजस्थान में 28, 29 और 30 मई को बारिश, गरज-चमक और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। कई इलाकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि धूल भरी आंधी कई जगहों पर बवंडर का रूप भी ले सकती है। लोगों को खराब मौसम के दौरान घरों में रहने और सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

गुजरात में भी बदलेगा मौसम : गुजरात के सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र में 1 जून के आसपास तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में पश्चिम भारत के कई हिस्सों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होंगी।

## गाजे-बाजे के साथ निकली बाईसा स्नेह यात्रा

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** भागदौड़ भरी जिंदगी, बदलते सामाजिक परिवेश और रिश्तों में बढ़ती दूरियों के बीच झुंझुनू जिले के सुलताना कस्बे में आयोजित बाईसा स्नेह मिलन समारोह भावनाओं, संस्कृति और पारिवारिक जुड़ाव का अनूठा संगम बन गया। मालुपुरा रोड स्थित जमवाय माता गेस्ट हाउस परिसर में चल रहे तीन दिवसीय समारोह के दूसरे दिन ऐसा भावुक नजारा देखने को मिला, जिसने हर किसी को भावुक कर दिया। बरसों बाद मायके और गांव लौटी बहन-बेटियों ने बचपन की यादों, रिश्तों की मिठास और राजस्थानी संस्कृति को फिर से जीवंत कर दिया। समारोह के दूसरे दिन सुबह बहन-बेटियों को सुलताना कस्बे में भव्य नगर भ्रमण करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और जमवाय माता मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में सजी बहन-बेटियां गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में कस्बे के देवस्थानों के दर्शन के लिए निकलीं। सबसे पहले गढ़ परिसर स्थित शक्ति गुमान कंवर मंदिर में दर्शन किए गए। इसके बाद नगर के आराध्य देव गोपीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की गई तथा सुलताना के संस्थापक हाथीराम जी की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान पुरुषों ने केसरिया साफा, धोती-कुर्ता पहनकर राजस्थानी परंपरा की झलक पेश की। कस्बे के मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने घरों की छतों और रास्तों पर खड़े होकर पुष्प वर्षा कर बाहर से आई बहन-बेटियों का स्वागत किया। पूरे कस्बे में लोकसंस्कृति, पारंपरिक संगीत और उत्साह का माहौल देखने को मिला। महिलाओं ने लोकगीत गाते हुए घूमर नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं युवाओं और कलाकारों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। स्नेह मिलन समारोह में बचपन की यादों को ताजा करने के लिए पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। बहनों और भोजाइयों ने चम्मच दौड़, रस्साकशी, पकड़म-पकड़ाई जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन खेलों ने वर्षों पुराने अपनत्व और पारिवारिक रिश्तों को फिर से ताजा कर दिया। आयोजकों के अनुसार समारोह में बाड़मेर, करौली, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा, जैसलमेर, राजसमंद, सिरोही, चूरू, नागौर, बीकानेर, जोधपुर, जयपुर और सीकर सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों के अलावा महाराष्ट्र, हरियाणा और मध्यप्रदेश से करीब 300 विवाहित बहन-बेटियां शामिल हुई हैं। इनमें कई महिलाएं ऐसी भी हैं जो वर्षों बाद अपने मायके और गांव पहुंची हैं, जिससे यह आयोजन भावनात्मक मिलन का केंद्र बन गया। समारोह में बाहर से पधारी बहन-बेटियों का दुपट्टा ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। दोपहर में आयोजित सामूहिक भोज में पारंपरिक मारवाड़ी व्यंजनों का स्वाद परोसा गया। पूरे आयोजन में सामाजिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारिवारिक मेल-मिलाप और राजस्थानी परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## कार्यक्रम हो गया संपन्न, पर सांसद ओला को बुलाना भूल गया प्रशासन

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को गोपाल गौशाला, झुंझुनू में संपन्न हुआ लेकिन कार्यक्रम के बाद एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है।

झुंझुनू के कांग्रेस सांसद बृजेंद्र सिंह ओला, जिन्होंने हालिया लोकसभा चुनाव में 553168 वोट हासिल किए, उन्हें इस महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम में आमंत्रित तक नहीं किया गया।

इतने बड़े जनादेश से चुने गए सांसद की अनदेखी को लेकर अब राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कार्यक्रम में विधायक, पूर्व सांसद, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारियों सहित गण मान्य जनों को आमंत्रित किया गया था लेकिन



राजस्थान सरकार
कार्यालय संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, झुंझुनू
क्रमांक :- 192 ग दिनांक :- 26.5.26

-:निमंत्रण पत्र:-

पशुपालन विभाग झुंझुनू की ओर से "वंदे गंगा" जल संरक्षण जन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन दिनांक 27.05.2026 को श्री गोपाल गौशाला झुंझुनू में प्रातः 09:00 बजे किया जा रहा है। कार्यक्रम में निम्न धार्मिक/व्यापारिक संगठन, भामाशाह, गणमान्य व्यक्तियों को सादर आमंत्रित किया जाता है।

1. श्रीमती हर्षिनी कुलहरी जिलाध्यक्ष भाजपा।
2. श्रीमान राजेन्द्र भाम्बू, माननीय विधायक, विधान सभा क्षेत्र झुंझुनू।
3. श्री नरेन्द्र कुमार पूर्व सांसद लोकसभा झुंझुनू।
4. श्रीमान जिला कलक्टर, जिला झुंझुनू।
5. श्रीमान जिला पुलिस अधिक्षक, झुंझुनू।
6. समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण समस्त विभाग झुंझुनू।
7. माननीय जिला एवं सेशन न्यायालय, झुंझुनू।
8. डालमिया सेवा संस्थान, चिड़ावा।
9. अम्बुजा फाउण्डेशन चिड़ावा।
10. पिरामल फाउण्डेशन बगड़।
11. वाणी पिलानी।
12. बन्धे का बालाजी ट्रस्ट झुंझुनू।
13. राणी सती मन्दिर ट्रस्ट झुंझुनू।
14. खेमी सती मन्दिर ट्रस्ट झुंझुनू।
15. महावीर इन्टरनेशनल संस्थान झुंझुनू।
16. श्री विश्वम्भर पूनियां भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य।
17. श्री बनवारी लाल सैनी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा झुंझुनू।
18. श्री राकेश शर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा।
19. श्री मनीष अग्रवाल, सी.ए.।
20. श्री लोकेश अग्रवाल, सी.ए.।

संयुक्त निदेशक
पशुपालन विभाग, झुन्झुनू

विभागीय पत्र के अनुसार मौजूदा सांसद बृजेंद्र सिंह ओला को कार्यक्रम के लिए नहीं बुलाया गया। ऐसे में जिले के सबसे बड़े निर्वाचित प्रतिनिधि की गैरमौजूदगी सवालों के घेरे में है। जनादेश की अनदेखी बना मुद्दा 553168 मतों का समर्थन झुंझुनू की जनता की मजबूत आवाज को दर्शाता है, ऐसे में उस प्रतिनिधि को ही कार्यक्रम से बाहर रखना जनता के जनादेश की अनदेखी के रूप में देखा जा रहा है।

#### प्रशासनिक चूक या...?

निमंत्रण सूची में सांसद का नाम नहीं होना अब केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है। कांग्रेस खेमे में इसको लेकर नाराजगी है, वहीं प्रशासन की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### उठते बड़े सवाल

**क्या यह सिर्फ लापरवाही है या जानबूझकर किया गया फैसला ? क्या सरकारी कार्यक्रमों में अब राजनीतिक चयन शुरू हो गया है ? क्या इतने बड़े जनादेश को नजरअंदाज करना उचित है ?**

#### जनभागीरथी या कांग्रेस बनाम भाजपा

वंदे गंगा जैसे जनभागीदारी वाले अभियान में, जहां हर वर्ग की भागीदारी जरूरी मानी जाती है, वहां 5.53 लाख से अधिक वोट हासिल करने वाले सांसद को नजरअंदाज करना पूरे आयोजन की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर रहा है। लोगों का मानना है कि यह कांग्रेस बनाम भाजपा की जंग है।

## कोबरी-सार



# मकानों में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने कस्बे में लगातार हो रही चोरियों का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक थार गाड़ी भी जब्त की है। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 12 जनवरी को कस्बे के वार्ड 19 निवासी शीला पांडे ने रिपोर्ट दी कि वह 11 जनवरी को सुबह साढ़े आठ बजे घर के ताला लगाकर जयपुर गई थी। शाम के समय करीब 7 बजे घर पर वापस आई और मेन गेट का ताला खोलकर मकान मे आकर उपर गई तब देखा दोनो कमरो के ताले टुटे हुए थे सीसीटीवी कैमरे टुटे हुए थे किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैड मे रखे नकद रुपये व अलमारी मे रखे जेवरात चोरी कर लिये तथा कमरो मे तोडफोड कर डीवीआर भी चोरी कर ले गया। कस्बे में लगातार हो रही चोरियो को लेकर एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया तथा पुलिस टीम में पूर्व में खेतड़ी थाने में रहे कांस्टेबल राजवीर सिंह को शामिल किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता से काफी प्रयास के बाद आरोपी बंधा की ढाणी तन पपुरना निवासी जयसिंह पुत्र कल्याण सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक थार गाड़ी भी जब्त की है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पहले गिरफ्तार कर करीब दो लाख रूपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात व 90 हजार रूपये नकदी, चोरी किये गये रूपए से खरीदा हुआ कीमती मोबाईल फोन बरामद किया था। थानाधिकारी ने बताया कि चोरी की आरोपी के गहनता से पूछताछ की जा रही है। वारदात का खुलासा करने में डीएसटी टीम के कांस्टेबल राजवीर सिंह व एचसी पवन कुमार की विशेष भूमिका रही। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एचसी महेश, पवन कुमार, कांस्टेबल राजवीर सिंह, अनिल कुमार आदि शामिल थे।

# सम्मान : राजकीय स्कूल के छात्र का एनएमएमएस परीक्षा में चयन




निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बीलवा की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र भविष्य मेहरड़ा का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना एनएमएमएस परीक्षा में चयन हुआ है। छात्र के चयन होने पर स्कूल परिवार और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. चरण सिंह ने बताया कि एनएमएमएस परीक्षा में चयनित होने पर छात्र को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस प्रकार छात्र को कुल 48 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने और शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल में कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों को एनएमएमएस परीक्षा की विशेष तैयारी करवाई जाती है। शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत का ही परिणाम है कि स्कूल के छात्र लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। छात्र की इस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफऔर ग्रामीणों ने खुशी जताई। स्कूल स्टाफने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर श्रवण कुमार, मोहित चौधरी, मुरेश कुमार, नानीबाई, आदित्य शर्मा, नरेंद्र, ओमवीर सिंह, हिम्मत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# हास्य योग साधना शिविर के साथ परिंडा लगाओ अभियान का आगाज

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद प्रतापनगर सांगानेर सम्भाग द्वारा युवा परिषद के 50वे स्वर्ण जयंती वर्ष महोत्सव के अंतर्गत हास्य योग साधना शिविर के साथ माँ ज्ञानमती पुण्य परिंडा सेवा समर्पण अभियान कार्यक्रम आयोजि किया गया। प्रतापनगर स्थित शकुंतला पार्क सेक्टर 8 में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन समाजश्रेष्ठी सुमेर प्रकाश-कृष्णा, पीयूष, कीर्ति जैन खण्डाका ने किया। मुख्य अतिथि जय कुमार, सुभाष, ज्ञाना, रोहित जैन संघई सीकर वाले एवम मुख्य युवा गौरव अतिथि दुष्यन्त-निर्मला जैन सिंघल परिवार भुसावर वाले एवं युवावीर सारथी के तौर पर मनीष-सोनम जैन परिवार रैणी वाले उपस्थित रहे। महामंत्री संजय गोधा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन बड़े ही सेवापथ भावों से सम्पादित किया गया। प्रात: हास्य योग साधना के माध्यम से एजुम्बा योग, उपयोगी योग क्रियाओं के माध्यम से योग गुरु कविता जैन एवं टीम ने योग से होने वाले लाभों के साथ योग की क्रियाओं के माध्यम से, हास्य योग के माध्यम से गुदगुदाकर सम्पूर्ण माहौल को योगमयी बना दिया। योग साधना शिविर के बाद माँ ज्ञानमती पुण्य परिंडा सेवा समर्पण अभियान का आगाज हुआ। जिसमें उपस्थित सभी जनसमूह को घर की छत, घर के आसपास पेड़ पौधों बाग, उद्यान दीवारों पर परिंडे लगाने के लिए तसंकल्पित करके परिंडों का पुण्य सेवामयी वितरण किया गया। युवा परिषद के कार्यक्रमों में प्रचार-प्रसार सहयोग के लिए राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा का आभार व्यक्त किया गया। परिंडा अभियान में सहयोग के लिए राजस्थान जैन युवा महासभा सांगानेर संभाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोड़िया, अग्रवाल समाज चौरासी युवा मंडल के अध्यक्ष मनीष जैन टोरडी आदि उपस्थित रहे। युवा परिषद प्रतापनगर सम्भाग के अध्यक्ष अनिल पाटनी ने बताया कि सम्भाग ने सेवा कार्यों में पीने के पानी की दो प्याऊ लगाकर जरूरतमंद लोगों की सेवा में समर्पित की। सेवापथ पर 50वे स्वर्ण जयंती वर्ष महोत्सव में परिंडा सेवा अभियान में विभिन्न मंदिरों में निरन्तर 7 दिवस तक परिंडा वितरण शिविर लगाकर परिंडा वितरण किए जाएंगे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** शेखावाटी जनपद के सुप्रसिद्ध समाजसेवी व रंगकर्मी स्व. हरिराम बहड़ की 24वीं पुण्य तिथि 29 मई को मनाई जाएगी। श्रीराम जोशी ने बताया कि स्व. बहड़ की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजली सभा व 10वाँ नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर हरिराम बहड़ सेवा संस्थान व सांस्कृतिक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बजाज रोड स्थित चौकड़ीका विश्राम भवन में शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में शेखावाटी के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र चौहान व उनकी टीम द्वारा आँखों के रोगियों की जांच की जाएगी।

# प्रशासन द्वारा अवैध रूप से बनाई दीवार तोड़ने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी में प्रशासन द्वारा ट्रस्ट की ओर से अवैध रूप से बनाई गई दीवार को हटाने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। देर शाम को उपखंड कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर पिछले 70 दिनों से धरना दे रहे आंदोलनकारियों का सम्मान किया और उनके संघर्ष की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से आमजन के हितों को लेकर आंदोलन किया जा रहा था, जिसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाया है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रस्ट की नीतियों के विरोध में एसडीएम कार्यालय के सामने लगातार धरना जारी है। आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक आमजन के हित में उचित निर्णय नहीं लिया जाता और उनकी मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा। जनसेवा समिति अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी ने बताया कि भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है। प्रशासन ने अवैध रूप से बनाई दिवार तोड़कर बेहतर कदम उठाया है, जो उनके संघर्ष को मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर प्रशासन को इसमें कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। धरना स्थल पर ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई करने और क्षेत्र के लोगों के हितों की रक्षा करने की मांग की। इस दौरान आंदोलन को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर गोकुलचंद सैनी, राजेश सांखला, श्याम सिंह, निकेश पारीक, भूपेंद्र सोढ़ा, सुधीर गुप्ता, नवल किशोर, गजेन्द्र पारीक, विनोद सोनी, चंदगीराम सैनी, इंद्राज सैनी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## गौशाला में गौसेवा कर संतों ने खिलाए शीतल फल

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर स्थित सतगुरु टेऊराम गौशाला में पुरुषोत्तम मास की कमला एकादशी पर संत महात्माओं के सान्निध्य में विशेष गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान गौ माता को गर्मी से राहत देने के लिए तरबूज, खरबूजा, आम सहित शीतल तासीर वाले फलों का भोग लगाया गया। स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने कहा कि हिंदू धर्म में गौसेवा को तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं की सेवा के समान माना गया है। उन्होंने बताया कि अधिक मास में दान पुण्य, नाम जप, व्रत और गौसेवा का विशेष महत्व होता है तथा एकादशी का पुण्य कई गुना अधिक माना जाता है। कार्यक्रम के तहत राहगीरों को छाछ और शरबत का वितरण भी किया गया। वहीं श्री अमरापुर स्थान पर संकीर्तन, सत्संग, पुरुषोत्तम मास कथा वाचन और भजन संध्या का आयोजन हुआ।

# मूर्तियों की स्थापना की मांग को लेकर धरना जारी



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचंद्र मिश्र की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में नगरपरिषद कार्यालय के बाहर दिया जा रहा धरना बुधवार को 25 वें दिन भी जारी रहा। धरने पर निवर्तमान पार्षद इकबाल खां कायमखानी, दीपक भंवरिया, बिलाल भूरान, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामावतार मंगलहारा, खुशी मोहम्मद, नेमाराम मण्डा, पवन लाखन, भंवरलाल मेघवाल, तरूण सियोता, अनिल, मनोज, राजेंद्र, मूलचंद रैगर, सोहिल गोपालपुरिया, छोटूराम भाट, इमरान भाटी, कैलाश गुर्जर, श्रवण जाट, बबलू अली सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। धरने पर बैठे लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की।

# जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत की शहीद धर्मपाल सैनी राउमावि में जल संरक्षण को लेकर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान स्काउट गाइड संघ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पानी बचाने और वर्षा जल संचयन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लाक शिक्षा अधिकारी अनुकंपा अरडावतिया थी, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विज्ञान विभाग की ओर से पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र.छात्राओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टरों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया और लोगों को पानी की बर्बादी रोकने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुकंपा अरडावतिया ने कहा कि जल अमूल्य संसाधन है, इसलिए हमें इसका संरक्षण करना चाहिए। पानी की बर्बादी रोककर और वर्षा जल संचयन अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रख सकते हैं। देश की खेती पूरी तरह जल पर निर्भर करती है। फसलों की सिंचाई के बिना अन्न उत्पादन संभव नहीं है, जल की कमी होने से मनुष्य के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में पानी बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान जल संरक्षण व पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर स्काउट सचिव जितेंद्र कुमार, संजय कुमार सैनी, सरजीत, शंभूसिंह, सरला प्रजापति, मंजू बाकोलिया, अनिता, सुमन, होशियार सिंह, विजय सिंह, गोविंद सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।



# भैरुजी जोहड़ी में विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत मंगलवार को भैरुजी की पवित्र जोहड़ी में गैलेक्सी इंस्टीट्यूट के करीब 200 विद्यार्थियों ने श्रमदान कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने जोहड़ी परिसर में साफसफाई कर श्रमदान किया। गैलेक्सी इंस्टीट्यूट के निदेशक सुनील कुमावत के नेतृत्व में पहुंचे विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान किया। कार्यक्रम का निर्देशन आशु वालिया ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में पहुंचे उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार एवं तहसीलदार महेश ओला ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से जल संरक्षण जैसे अभियान को नई दिशा मिलती है। गौरतलब है कि 27 मई को भैरुजी की पवित्र जोहड़ी में सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत सरोवर पूजन एवं दीप प्रज्वलन करेंगे। इस दौरान विधायक सुभाष मील भी मौजूद रहेंगे और पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान भैरुजी मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष फूलचंद गुर्जर, कनिष्ठ अभियंता लोकेश निठारवाल, स्टोर प्रभारी बाबूलाल साखुनिया, सोहनलाल बाजिया, जयप्रकाश मीणा, कैलाश योगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाइक अनियंत्रित होकर टकराने से कांस्टेबल की मौत

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के सांगानेर थाना इलाके में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में जयपुर पुलिस लाइन में तैनात कांस्टेबल की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब कांस्टेबल नाकाबंदी ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर लौट रहा था। सांगानेर थाना प्रभारी लिखमाराम ने बताया कि हादसा सुबह करीब 6 बजे कृषि अनुसंधान केंद्र के पास हुआ। जहां भरतपुर निवासी कांस्टेबल लोकेंद्र 42 जयपुर पुलिस लाइन में तैनात था और सुभाष चौक थाना क्षेत्र में नाकाबंदी ड्यूटी कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर और बिजली के पोल से टकरा गई। इस हादसे में कांस्टेबल लोकेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार रोहित उर्फ राहुल गुप्ता 31 भी घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस और दुर्घटना थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों घायलों को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया गया।

वहां उपचार के दौरान कांस्टेबल लोकेंद्र ने दम तोड़ दिया, जबकि घायल युवक का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक कांस्टेबल का शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

# शिविर में हुई 112 लोगों की जांच, 38 का ऑपरेशन के लिए चयन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब सुजानगढ़ एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर तथा सीताराम नवहाल, वटवृक्ष तंवरा के स्वर्गीय पूर्णमल नवहाल की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी गीता देवी नवहाल के आर्थिक सहयोग से बुधवार को माहेश्वरी सेवा सदन में 33 वां नेत्र चिकित्सा, नेत्रदान पंजीयन शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भामाशाह विनोद नवहाल, प्रो हीरालाल गोदारा, रामनिवास पारीक, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक एवं शंकरा आई हॉस्पिटल की डॉ. प्रिया सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। हीरालाल गोदारा एवं रामनिवास पारीक ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से लोगों को पुन: दृष्टि प्रदान करना अत्यंत पुण्य और मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा 112 रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 38 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। साथ ही 5 नेत्रदान पंजीयन भी हुए, जो समाज में जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। तंवरा के नवहाल परिवार से प्रकाश, वासुदेव, मुरली, कमलए दिनेश, तरुण, राजकुमार नवहाल, रामकुमार पिपलवा, कुसुंबी ने शिविर का अवलोकन किया एवं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने बताया कि शिविर में रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। उन्होंने शिविर की सफलता हेतु शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर, अजीत तंवर एवं उनकी टीम, लायंस क्लब के सदस्यों, सहयोगियों, नर्सिंग स्टाफ एवं माहेश्वरी सेवा सदन परिवार का आभार व्यक्त किया।

शिविर में एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, सीए अभिषेक पोद्दार, रोहित शर्मा, हरनारायण शारदा, देवकृष्ण मालपानी, देवेंद्र बेदी, मुरली राठी, एडवोकेट कैलाश खंडेलवाल, एडवोकेट अंकित चोटिया, रुपेश शर्मा सहित अनेक सदस्यों एवं सहयोगियों मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत ने सेवाएं प्रदान कीं। माहेश्वरी सेवा सदन के महावीर शर्मा, पवन शर्मा, विकास एवं टीम ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

# मंदिर जा रही महिला की बेरहमी से पीटकर की हत्या

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** पचेरीकलां थाना क्षेत्र के रामसर में बुधवार को एक महिला की बेरहमी से पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक महिला अपने घर से मंदिर जा रही थी कि गांव के एक युवक ने रास्ते से अपने घर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पर पचेरीकलां पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। जानकारी के अनुसार रामसर निवासी कमला देवी 60 पत्नी ख्यालीराम बुधवार को करीब दस बजे अपने घर से मंदिर जा रही थी। इस दौरान गांव का ही राजेश पुत्र महासिंह रास्ते से जा रही कमला देवी को जबरन पकड़ कर अपने घर ले गया।

इस दौरान उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि कमला देवी के सिर में धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या की गई है। आरोपी राजेश का मकान मंदिर के पास ही है, जबकि कमला देवी का मकान घटनास्थल से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर है। इस मामले में ग्रामीणों ने बताया कि राजेश कुमार सनकी है जिसने वारदात को अंजाम दिया है। वारदात को अंजाम देने के बाद भी आरोपी अपने घर पर ही रहा जो पुलिस आने के समय मौके पर मौजूद था। जिसके बाद पुलिस ने राजेश कुमार व उसकी मां नीता देवी को हिरासत में ले लिया। मृतक महिला कमला देवी का पति ख्यालीराम गांव में ही टैक्टर चलाकर मजदूरी करता है। इनके एक बेटा जितेंद्र दिव्यांग है तथा दूसरा बेटा सत्येंद्र है। घटना के समय मृतका का छोटा बेटा सत्येंद्र किसी काम से पचेरीकलां गया हुआ था। घटना की सूचना पर बुहाना डीएसपी नोपाराम भाकर, थानाधिकारी बनवारीलाल यादव भी मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। डीएसपी नोपाराम भाकर ने बताया कि पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार व उसकी मां नीता देवी को हिरासत में लेकर पुछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बुहाना के राजकीय अस्पताल में भिजवाया है, मामले की गहनता से जांच की जा रही है। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है।

# नवनिर्मित कुएं का हुआ उद्घाटन



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के वार्ड 38 में नवनिर्मित कुएं का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजेश दहिया ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व जल मंत्री कन्हैलाल चौधरी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि इस कुएं के निर्माण से वार्ड के दर्जनों परिवारों को शुद्ध और पर्याप्त जल की सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा, पार्षद मदन डारा, सुनील भड़िया, पवन नवहाल, सांवरमल, सतवीर, रणजीत, मनोज पायल, सज्जन गोदारा, नाथूराम, कृष्ण, मुकेश, राकेश, मांगीलाल, राकेश, अभय सिंह, दिलीप, अनिल जानू, बुधराम, कुलदीप, जगदीश सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# हिस्ट्रीशीटर के अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में पुलिस-प्रशासन ने हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मुहाना थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर शंकर लुहार का करीब 2 करोड़ रुपये कीमत का अवैध कब्जा ध्वस्त कर दिया। आरोपी पिछले 12 से 13 वर्षों से सरकारी जमीन पर कब्जा जमाए बैठा था। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि बुधवार को मुहाना थाना पुलिस और जयपुर विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने डिग्गी रोड स्थित मुहाना मोड़ के पास कार्रवाई की। जेसीबी मशीनों की मदद से कुख्यात हिस्ट्रीशीटर शंकर पुत्र गोपी गाड़िया लुहार द्वारा किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने करीब 200 वर्ग गज सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर रखा था, जिसकी बाजार कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये आंकी गई है। शंकर लुहार क्षेत्र में लोगों को डराकर और धमकाकर दहशत का माहौल बनाए हुए था। विरोध करने वालों के साथ मारपीट की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। पुलिस ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर निकास मार्ग भी बंद कर दिया था, जिससे स्टेट हाईवे पर यातायात प्रभावित हो रहा था और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। कार्रवाई के दौरान पूरे अतिक्रमण को हटाकर रास्ता खुलवाया गया। मुहाना थाने का हिस्ट्रीशीटर शंकर लुहार के खिलाफ 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ 151/110 सीआरपीसी और 129 बीएनएसएस के तहत 7 इस्तगासे भी न्यायालय में पेश किए जा चुके हैं। वर्ष 2015 में उस पर चोरी और नकबजनी के 10 मामले दर्ज हुए थे, जबकि 2016 में मारपीट का मामला भी सामने आया था। डीसीपी राजर्षि राज ने कहा कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई की जा रही है। आपराधिक गतिविधियों से अर्जित अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर आगे भी कुर्की और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी रहेगी।

# एक जून से राजस्थान में चलेगा उमंग-7 अभियान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में बालश्रम, बाल बंधुआ मजदूरी और बाल तस्करी के खिलाफ राजस्थान पुलिस 1 जून से 30 जून 2026 तक राज्यव्यापी विशेष अभियान उमंग-7 चलाएगी। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य बाल शोषण रोकना और पीड़ित बच्चों का पुनर्वास सुनिश्चित करना है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट्स एवं एएचटी हवासिंह घुमरिया ने प्रदेशभर के पुलिस अधिकारियों को अभियान के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हर जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अभियान के तहत होटल, ढाबे, फैक्ट्रियां, ईंट भट्टे, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल और हाईवे किनारे स्थित क्षेत्रों में बच्चों की विशेष स्क्रीनिंग की जाएगी। पुलिस थानेवार रेस्क्यू टीमें गठित की जाएगी, जिनमें पुलिसकर्मियों के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, बाल अधिकारिता विभाग और एनजीओ प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। रेस्क्यू किए गए बच्चों का मेडिकल परीक्षण करवाया जाएगा और उन्हें चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया जाएगा। अन्य राज्यों से लाए गए बच्चों के मामलों में संबंधित राज्यों की पुलिस को भी सूचना दी जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बाल तस्करी और बालश्रम से जुड़े संगठित गिरोहों की पहचान कर उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता किशोर न्याय अधिनियम और बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाए। राजस्थान पुलिस ने बच्चों के शोषण के मामलों में जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कही है।

# तेज रफ्तार क्रूजर ट्रक में घुसी : तीन श्रद्धालुओं की मौत, नौ गंभीर घायल



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर-सीकर नेशनल हाईवे एनएच-52 पर बुधवार सुबह चौमूं क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में महाराष्ट्र से खाटूश्यामजी जा रहे तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि टेम्पो क्रूजर के परखच्चे उड़ गए और वह सड़क किनारे होटल-रेस्टोरेंट में जा घुसी। हादसे में होटल के बाहर खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। चौमूं थाना प्रभारी हरबेन्द्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 7 बजे चौमूं के स्टेडियम के पास ब्यावरिया कट एवं हाडौता पुलिया वीर हनुमान पुलिया क्षेत्र में हुई थी। जहां महाराष्ट्र नंबर की टेम्पो क्रूजर जयपुर से सीकर की ओर जा रही थी। इसी दौरान आगे चल रहे ट्रक ने अचानक लेफ्ट कट और यू.टर्न लेने का प्रयास किया, जिससे पीछे से आ रही क्रूजर सीधे ट्रक में जा घुसी। टक्कर के बाद अनियंत्रित क्रूजर सड़क किनारे बने होटल-रेस्टोरेंट में घुस गई और वहां खड़ी एक कार को भी टक्कर मार दी। हादसे में क्रूजर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में महाराष्ट्र के परभणी जिले के गंगाखेड़ क्षेत्र निवासी शालू बाई 75, मेघा 40 और आदेश 18 की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों शवों को चौमूं सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। वहीं घायलों में गीता देवधरए गायत्री देवधर, खुशी जावड़े, अंकिता, रितेश, ऋषिकेश, शकुंतला, सुनीता और यशोदा शामिल हैं। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बाद में क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर हाईवे पर यातायात सुचारू करवाया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा पत्र

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया ने उपखण्ड अधिकारी के नाम पत्र देकर नगरपालिका द्वारा निकाले गए विकास कार्यों के टेंडरों में धांधली, अनियमितता एवं भ्रष्टाचार पर पाबन्दी लगाकर ठोस कार्यवाही की मांग की। जिसकी प्रतिलिपि निदेशक स्वायत्त शासन विभाग जयपुर, मुख्य अभियंता निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग जयपुर एवं जिला कलक्टर चूरू को प्रेषित की। इंदौरिया ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि नगरपालिका द्वारा आम जन को राहत प्रदान करने हेतु करोड़ों रुपयों के विकास कार्यों के टेंडर आहूत कर सड़के, नालियां, फेरोकवर, लोहे के जाल, डिवाइडर, सड़कों के किनारे इंटरलॉक, वर्षा से पूर्व मुख्य गैनानी एवं नालों की सफाई इत्यादि कार्यों को करवाना सुनिश्चित किया। परन्तु दुर्भाग्य की बात रही कि पालिका प्रशासन स्वयं अपने ही विभाग के द्वारा दिए गए टेंडरों को खोलने, कार्यादेश देने एवं समयावधि में कार्य को पूरा कराने में विफल रहा है। कई टेंडरों को तो छह माह से एक वर्ष हो चुका है परंतु अभी तक उनका कोई निस्तारण नहीं किया गया, बहुत सारे विकास कार्य तो कागजों में ही पूरे हो जाते है। इंदौरिया ने बताया कि पालिका प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर मन मर्जी से टेंडरों की प्रक्रिया पूरी करता है, जो सर्वथा नियमों के विरुद्ध है। पालिका द्वारा कार्य पहले हो जाते है टेंडर प्रक्रिया बाद में बिना ठेकेदारों के प्रतिस्पर्धा किए चुनिन्दा ठेकेदारों को दे दिया जाता है। शहर के एक ही वार्ड में पीडब्ल्यूडी एवं नगरपालिका द्वारा बनाई गई सड़कों की दरों में रात दिन का फर्क है।

नगरपालिका द्वारा सरकार को अनावश्यक आर्थिक भार दिया जाकर नाम मात्र की बिलोव रेट भरी जाती है। पत्र में आरोप लगाया की राजस्थान के मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस एवं गुणवत्तापूर्ण सड़को के निर्माण के विजन पर नगरपालिका द्वारा ब्रेक लगाया जा रहा है, सड़कों का निर्माण जी शेड्यूल के मुताबिक नहीं हो रहा है। जिससे आने वाले वर्षा के समय में खस्ता हाल होगे। पत्र के माध्यम से शेष टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने एवं बन चुकी सड़कों की गुणवत्ता की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की।

## महालक्ष्मी मंदिर में सजी जल विहार की झांकी

**जयपुर ( नवयत्न )।** चांदी की टकसाल स्थित करीब 1100 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक महालक्ष्मी मंदिर में अधिक मास की कमला एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार को विशेष धार्मिक आयोजनों की धूम रही। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कमला एकादशी के विशेष मौके पर माता महालक्ष्मी का 121 पवित्र कमल पुष्पों से विधि-विधान पूर्वक विशेष पूजन व अर्चन किया गया। इसके साथ ही मंदिर ठाकुर जी के समक्ष जल विहार की अत्यंत आकर्षक और अलौकिक झांकी सजाई गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। इस पावन अवसर पर सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी आवाजाही शुरू हो गई जो देर शाम तक निरंतर चलती रही।

# ग्यारस पर सजी ग्यारह सौ किलो आम की झांकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रथम ज्येष्ठ अधिकमास शुक्ल एकादशी बुधवार को कमला और पद्मिनी एकादशी के रूप में भक्तिभाव से मनाई गई। श्री गोविन्द धाम स्थित ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी महाराज मंदिर में एकादशी पर सातों झांकियों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंगला झांकी के दौरान मंदिर परिसर में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। श्री मन्माध्व गौड़ेश्वराचार्य महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में मंगला झांकी के बाद ठाकुर श्रीजी का वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद ठाकुर श्रीजी को लाल रंग की आकर्षक नटवर वेश पोशाक धारण कराई गई। साथ ही फूलों से निर्मित अलंकार, नटवर मुकुट एवं छड़ी से विशेष श्रृंगार किया गया। राजभोग झांकी में 11:15 बजे से 11:45 बजे तक ठाकुर श्रीजी की मनोहारी जलयात्रा झांकी के दर्शन हुए। झांकी में ठाकुर श्रीजी एवं राधारानी जी के करकमलों में स्वर्ण पिचकारी सुशोभित की गई। राजभोग झांकी में अमिया झांकी सजाई गई। करीब 100 टोकरी में रसीले आम ठाकुरजी के समक्ष रखे गए। आम की सुगंध से मंदिर छावण सुवासित हो उठा। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए ठाकुर श्रीजी को शीतलता प्रदान करने के लिए खरबूजा, तरबूजा सहित विभिन्न ऋतु फलों एवं सिकरन पूड़ी का विशेष भोग अर्पित किया गया। गोविंद देवजी मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को नींबू पानी, शर्बत, मिल्क रोज का वितरण किया गया। चारदीवारी और बाहरी इलाकों में भी दोपहर से देर शाम तक राहगीरों को ठंडा पानी, शर्बत, आम रस और आइसक्रीम वितरित की गई। एकादशी पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा-अर्चना कर व्रत रखा। छोटी काशी के प्राय: सभी वैष्णव मंदिरों में विशेष झांकियां सजाई गई। दान-पुण्य पर जोर रहा। पुरानी बस्ती स्थित श्री गोपीनाथ जी मंदिर में महंत सिद्धार्थ गोस्वामी के सान्निध्य में एकादशी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। चौड़ा रास्ता स्थित श्री राधा दामोदर जी मंदिर में प्रात: अभिषेक के बाद पुष्पों से श्रृंगार किया गया। रामगंज बाजार स्थित मंदिर श्री लाडली जी में अपरा एकादशी पर ललित सम्प्रदायाचार्य महंत संजय गोस्वामी के सानिध्य में ठाकुरजी की मनोहारी झांकी सजाई गई। ठाकुरजी को केसर, पिस्ता एवं बादाम युक्त मक्खन, मेवा, आमरस, रबड़ी, श्रीखंड, मिश्री मावा, फालसे का शरबत, ठंडाई तथा विभिन्न फलों सहित विशेष व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। आयोजन के दौरान समाज पद गायन भी हुआ। सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक सम्प्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज के में पद्मिनी एकादशी पर श्री शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जू सरकार का पंचामृत अभिषेक किया गया। ऋतु पुष्पों से मनोरम श्रृंगार किया गया। सायंकालीन वेला में भक्तिमय संकीर्तन हुआ। संपूर्ण परिसर भक्ति, संगीत और उल्लासमयी वातावरण से सराबोर रहा। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि बड़ी संख्या में वैष्णव जन ठाकुरजी की मनोहारी झांकी के दर्शन करने पहुंचे।

## गणेश मंदिरों में प्रथम पूज्य ने किया जल विहार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कमला एकादशी के अवसर पर शहर के विभिन्न विष्णु एवं कृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, आरती और धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास रखकर भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी की आराधना की तथा दान-पुण्य कर सुख-समृद्धि की कामना की। बुधवार को अधिकमास की एकादशी आने के कारण गढ़ गणेश, मोतीडूंगरी गणेश जी, नहर के गणेश जी, सिद्धी विनायक, गलता गेट स्थित गीता गायत्री गणेश मंदिर, बंगाली बाबा गणेश आश्रम, बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश सहित अन्य गणेश मंदिरों में फूल बंगला झांकी सजाई गई। मोतीडूंगरी गणेश सहित कई मंदिरों में जल विहार की झांकी भी सजाई गई। प्रथम पूज्य काफी देर तक जल धारा का आनंद लेते रहे। एकादशी पर इस बार चित्रा-स्वाति नक्षत्र, बुधवार तथा चंद्रमा के विशेष गोचर का दुर्लभ संयोग बनने से एकादशी का महत्व और बढ़ गया। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि यह संयोग साधना, मंत्र जाप, दान और आध्यात्मिक उन्नति के लिए अत्यंत शुभ एवं फलदायी रहा। मंदिरों में भगवान विष्णु का पंचामृत अभिषेक कर पीले पुष्प, तुलसी दल और चंदन अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने ऊं नमो भगवते वासुदेवाय सहित विभिन्न विष्णु मंत्रों का जाप किया। कई स्थानों पर जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और धन का दान भी किया गया।

# खबर का असर : डम्पिंग यार्ड की समस्याओं पर नगरपालिका की त्वरित कार्रवाई

निसं




**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** दांता नगरपालिका क्षेत्र के डम्पिंग यार्ड में व्याप्त समस्याओं और निराश्रित गौवंश की सुरक्षा को लेकर उठाए गए मुद्दे के बाद नगरपालिका प्रशासन हरकत में आ गया। बुधवार को नगरपालिका अधिशासी अधिकारी भूपेश शर्मा कड़ी धूप में स्वयं टीम के साथ डम्पिंग यार्ड पहुंचे और मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुधार कार्य शुरू करवाए।

गौरतलब है कि मंगलवार को ग्रामीणों एवं गोसेवकों ने ज्ञापन सौंपकर डम्पिंग यार्ड की टूटी हुई तारबंदी, क्षतिग्रस्त गेटों तथा कचरे के बीच बने दलदली क्षेत्र में गौवंश के फंसने की समस्या को गंभीरता से उठाया था। शिकायत में बताया गया था कि सार्वजनिक श्मशान भूमि एवं पर्वत के समीप स्थित डम्पिंग यार्ड की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने से निराश्रित पशु और गौवंश अंदर प्रवेश कर जाते हैं, जिससे उनके घायल होने और जान-माल के नुकसान की आशंका बनी रहती है। शिकायत के बाद अधिशासी अधिकारी भूपेश शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डम्पिंग यार्ड में सफाई अभियान चलवाया। साथ ही कई स्थानों से टूटी हुई तारबंदी की मरम्मत करवाई गई। जिन स्थानों पर दलदल बनने के कारण गौवंश फंस रहा था, वहां जेसीबी मशीन की सहायता से मिट्टी भराई का कार्य कराया गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि डम्पिंग यार्ड के एक क्षतिग्रस्त गेट की मरम्मत पूरी कर ली गई है, जबकि दूसरे गेट की मरम्मत का कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरुवार को भी जेसीबी मशीन के माध्यम से आवश्यक सुधार कार्य जारी रहेंगे ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं दोबारा उत्पन्न न हों। भूपेश शर्मा ने कहा कि डम्पिंग यार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना मिलने पर नगरपालिका प्रशासन तत्काल समाधान के लिए कार्रवाई करेगा। उन्होंने क्षेत्र में नियमित निगरानी एवं रखरखाव सुनिश्चित करने का भी आश्वासन दिया। स्थानीय ग्रामीणों, गोसेवकों और सामाजिक संगठनों ने नगरपालिका की इस त्वरित पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा डम्पिंग यार्ड में फैली अव्यवस्थाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा।

## विद्यालय में वाटर कूलर भेंट



नवलगढ़ (नवयत्न)।

श्री नवलगढ़ सी. सै. स्कूल, नवलगढ़, आज दिनांक 27 मई 2026 को रमाकांत बिरोलिया ने अपने पिता स्व. रामेश्वर लाल की स्मृति में बच्चों के लिए वॉटर कूलर सप्रेम भेंट किया। इस अवसर पर सीताराम बिरोलिया, मनोज सोनी, शंकरलाल जड़िया, कृष्ण गोपाल जोशी, भानू प्रकाश छापोला व एस. एन. शिक्षण समूह के एडीएम सुनिल सैनी, गोविन्द मिश्रा, मुरारीलाल इंदोरिया उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रंजीत सिंह शेखावत ने श्री नवलगढ़ विद्यालय कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जालान व सचिव पवन कुमार जालान की ओर से हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# पुलिसकर्मियों पर महिला से बदतमीजी का आरोप मामले को लेकर विधायक बुडानिया मिले डीजीपी से

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** चूरू जिले के सिद्धमुख थाना अंतर्गत गांव दयावठ में पुलिसकर्मियों द्वारा घर में घुसकर महिला से बदतमीजी और अनुचित व्यवहार का मामला सामने आया है। तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने इस घटना को लेकर राजस्थान पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। विधायक बुडानिया द्वारा डीजीपी को दिए पत्र के अनुसार सिद्धमुख थाने के कुछ पुलिसकर्मी प्राइवेट बैंक के कार्मिकों के साथ गांव दयावठ निवासी किसान बलवान के घर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने घर की मुखिया महिला के साथ बदतमीजी व अनुचित व्यवहार किया एवं पुरुष पुलिसकर्मियों ने महिला को जबरन घसीटकर पुलिस वाहन में डालने का अमानवीय कृत्य किया, जो विधि के पूर्णत: विरुद्ध है। प्राइवेट बैंक के कार्मिकों ने पुलिस की आड़ लेकर किसान के पशुओं एवं छोटे-छोटे बछड़ों को 47 डिग्री सेल्सियस तापमान में घर से बाहर निकाल दिया, जिससे पशुओं के जीवन पर संकट उत्पन्न हो गया। विधायक नरेंद्र बुडानिया ने पत्र में लिखा है कि इस अत्यंत निंदनीय घटना से पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। आमजन में पुलिस की कार्यप्रणाली के प्रति अविश्वास की भावना उत्पन्न हो रही है। विधायक बुडानिया ने दोषी पुलिसकर्मियों तथा इसमें शामिल प्राइवेट बैंक के कार्मिकों के विरुद्ध तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को न्याय एवं सुरक्षा प्रदान की करने की मांग की है जिससे आमजन में पुलिस के प्रति सद्भाव एवं विश्वास बना रहे। विधायक ने डीजीपी से त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की है।

## एमजेडी महाविद्यालय को भेंट की 10 अलमारियां

तारानगर (नवयत्न)। माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर में विकास एवं विद्यार्थियों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से क्षेत्र के समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों ने महाविद्यालय को 10 स्टील अलमारियां भेंट की है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सत्यवती बुडानिया ने बताया कि तारानगर के समाजसेवी यासिन हिसारिया, केमिस्ट रामधन चौधरी, महेंद्र महला, राजवीर चौधरी, नरेश लाम्बा, रणधीर ढाका, रणसिंह महला, महेंद्र भाम्भू, डॉ. अशोक सहारण, महिपतराम सहारण, डॉ. कमल कुमार ने शिक्षा एवं छात्रहित को देखते हुए महाविद्यालय को 10 स्टील अलमारियां भेंट की है इन अलमारियों का उपयोग पुस्तकालय, कार्यालय एवं विभिन्न विभागों में अभिलेखों एवं अध्ययन सामग्री के सुव्यवस्थित संरक्षण में किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों एवं कार्मिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

# मानवता और सेवा का अद्भुत संगम बना अपना घर आश्रम

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा क्षेत्र में मानवता, सेवा और करुणा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आज अपना घर आश्रम नोखा में एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं भावुक सेवा कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहाँ सेवाभावी भामाशाह पदमा देवी धर्मपत्नी केशुराम तर्ड, पूर्व सरपंच बीछवाल द्वारा आश्रम के प्रभुजनों की सेवा हेतु 18 टन 350 किलो कनक भेंट स्वरूप समर्पित की गई। यह विशाल अन्न सहयोग केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। आज के दौर में जहाँ लोग अपने निजी जीवन तक सीमित होते जा रहे हैं, वहीं तर्ड परिवार द्वारा किया गया यह पुण्य कार्य समाज को सेवा, संस्कार और परोपकार की नई प्रेरणा देता है। गौरतलब है कि अपना घर आश्रम नोखा में वर्तमान में लगभग 600 प्रभुजन निवासरत हैं, जिनकी भोजन, चिकित्सा, देखभाल एवं दैनिक आवश्यकताओं की व्यवस्थाएँ निरंतर समाज के सेवाभावी भामाशाहों के सहयोग से संचालित होती हैं। आश्रम केवल एक सेवा संस्थान नहीं, बल्कि उन असहाय, बेसहारा, बीमार एवं जरूरतमंद प्रभुजनों का परिवार है, जिन्हें समाज और अपनों से उपेक्षा मिली, लेकिन यहाँ उन्हें सम्मान, अपनापन और जीवन जीने का नया सहारा मिलता है। कार्यक्रम के दौरान कनक से भरी गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर आश्रम के लिए रवाना किया गया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान कन्हैया लाल सियाग की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही आश्रम के सचिव सतीश झंवर एवं अनेक गणमान्य नागरिक, सेवाभावी स्वजन एवं आश्रम परिवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए आश्रम सचिव सतीश झंवर ने कहा कि श्मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। अपना घर आश्रम उन प्रभुजनों का आश्रय स्थल है, जिन्हें जीवन में अपनापन और सहारा नहीं मिला। ऐसे में समाज के भामाशाह जब आगे आकर अन्न, सेवा और सहयोग प्रदान करते हैं, तो यह केवल दान नहीं बल्कि प्रभु सेवा का सर्वोत्तम स्वरूप बन जाता है। तरंग परिवार द्वारा किया गया यह सहयोग निश्चित रूप से हजारों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि आश्रम में निवासरत प्रभुजनों के भोजन एवं स्वास्थ्य की व्यवस्थाएँ समाज के सहयोग से ही निरंतर चलती हैं और ऐसे सेवाभावी परिवारों के कारण ही मानवता की ज्योत प्रज्वलित रहती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी इस सेवा कार्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि अन्नदान महादान की परंपरा को जीवित रखते हुए तरंग परिवार ने समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जरूरतमंदों के लिए किया गया यह सहयोग निश्चित रूप से पुण्य और प्रेरणा दोनों का माध्यम बनेगा। अपना घर आश्रम नोखा परिवार ने सेवाभावी तरंग परिवार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके सुखमय, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की।




## नगर निगम की कार्रवाई : तीन अनाधिकृत भवन सीज

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर के हवामहल-आमेर जोन क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को तीन अनाधिकृत भवनों को सीज कर दिया। कार्रवाई निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर की गई। जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि हैरिटेज स्वरूप से छेड़छाड़ कर बिना स्वीकृति निर्माण किए जाने तथा लगातार शिकायतें मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। निर्माण कार्य रोकने के निर्देशों की अवहेलना किए जाने पर निगम टीम ने सीजर की कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत कश्यप मार्ग, सुभाष चौक, चौकड़ी गंगापोल स्थित मस्जिद कुरेशियान के सामने एक भवन में ग्राउंड फ्लोर पर किए गए अनाधिकृत निर्माण को सीज किया गया। इसके अलावा मकान नंबर 77, कश्यप मार्ग, सुभाष चौक स्थित भवन तथा आमेर बंद तालाब रोड स्थित एक अन्य भवन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

## सम्पादकीय

### समान हित के सिद्धांतों पर आधारित हो अमेरिका संग समझौता

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए वार्ता पिछले कई महीने से टुकड़ों में चलती रही है, लेकिन अब तक यह अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंच सकी है। इसी क्रम में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने ताजा भारत दौरे में एक बार फिर कुछ नए संकेत दिए, जिसमें इस मसले पर कदम आगे बढ़ाए जाने की रूपरेखा बनती दिख रही है। हालांकि व्यापार वार्ता में अपने-अपने हित के मद्देनजर दोनों पक्षों की ओर से दबाव बनाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन पिछले कुछ समय से अमेरिका ने एकतरफा तौर पर जिस तरह की कसौटियां तय करने की कोशिश की है, वह कई मायनों में भारत के लिए सहज स्वीकार्य नहीं रही हैं। यही वजह है कि अब तक इस समझौते का अंतिम स्वरूप सामने नहीं आ सका है। अब अमेरिका की ओर से रूबियो ने जिस तरह परस्पर हित सुनिश्चित किए जाने की बात की है, उससे इसमें सकारात्मक प्रगति की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्री के साथ व्यापक वार्ता के बाद रूबियो ने कहा कि यह व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए 'लाभकारी' और 'टिकाऊ' होगा। साथ ही यह अमेरिका और भारत के पारस्परिक हितों को आगे बढ़ाएगा। निश्चित तौर पर अमेरिका की ओर से दिए गए ये संकेत बीते कुछ समय से आर्थिक मसले पर जारी तनाव के माहौल में नरमी लाने का जरिया हो सकते हैं, लेकिन यह देखने की बात होगी कि व्यापार समझौता अपने अंतिम रूप में 'परस्पर और समान हित' के सिद्धांत पर आधारित होता है या नहीं।

यह छिपा नहीं है कि अमेरिका ने कुछ महीने पहले दूसरे देशों से आयात पर पच्चीस से लेकर पचास फीसद तक शुल्क लगा कर किस तरह के हालात पैदा करने की कोशिश की थी। उसके इस रुख की वजह से दुनिया भर में प्रकारांतर से व्यापार युद्ध जैसी स्थितियां पैदा हो गई थीं। खासतौर पर तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर जिस तरह की शर्तें थोपीं, रूस से तेल खरीदने पर शुल्क में बढ़ोतरी की जिद ठानी, उससे साफ था कि वह इस मसले पर अपनी मनमानी थोपना चाहता है। उसका यह रुख किसी भी तरह से 'परस्पर और समान हित' को सुनिश्चित किए जाने की मंशा के अनुकूल नहीं लगता। अभी भी अमेरिका यही संदेश दे रहा है कि भारत उससे जितना तेल खरीदना चाहता है, उतना देने के लिए वह तैयार है। सवाल है कि तेल के लिए अगर भारत की निर्भरता केवल अमेरिका पर बनती है, तो इसके नतीजे क्या होंगे? अमेरिका एक विकल्प जरूर हो सकता है, लेकिन अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत अपने लिए अन्य देशों के वैसे व्यापक और विश्वसनीय स्रोतों का रास्ता भी खुला रखे, जो ज्यादा बेहतर और सस्ते हों। पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति और होर्मुज जलमार्ग से आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने की वजह से गहराते संकट से सभी वाकिफ हैं। इसी को आधार बना कर आज सरकार तेल और गैस की कीमतों में लगातार इजाफा कर रही है और आम लोगों पर बोझ बढ़ता जा रहा है। अब नई परिस्थितियों में अगर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ती है, तो यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि वह दोनों देशों के समान हित के सिद्धांतों पर आधारित हो। विदेश नीति के मामले में अमेरिका अगर खुद को प्राथमिकता देता है, तो यह उचित है, लेकिन इसके समांतर भारत के लिए भी अपने हित को सबसे महत्त्वपूर्ण मानना स्वाभाविक है।

## विशेष आलेख

# पर्यटन में संभावनाओं की नई डगर, 'फॉर्मस्टे' की भूमिका हो सकती है महत्त्वपूर्ण



हमारे देश में पर्यटन को विशेष महत्त्व दिया गया है। वैसे तो भारत कृषि प्रधान देश है, लेकिन कमाई पर्यटन क्षेत्र से होती है। इसको कई तरीके से वर्गीकृत कर देखा जा सकता है जैसे, चिकित्सा पर्यटन और धार्मिक पर्यटन। इस तरह के पर्यटन से विदेशी राजस्व भी प्राप्त हो जाता है, क्योंकि कई देशों से पर्यटक और यात्री भारत आते हैं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध करते हैं।

रमणीक स्थलों के पर्यटन को भी कमाऊ माना गया है। पहाड़ों, नदी किनारे और समुद्र तट पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इस पर्यटन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कई स्थलों का पुनरुद्धार कर पर्यटकों को आकर्षित किया गया है। आकर्षक पर्यटन स्थलों को देखने जब विदेश वे आते हैं, इससे देश को फायदा ही होता है। मगर अब एक नया संकट हमारे सामने हैं। ईरान और अमेरिका युद्ध के कारण कच्चे तेल, गैस और उर्वरक का भारी संकट पैदा हो गया है। देश के शीर्ष नेतृत्व ने मितव्ययी होने का संदेश दिया है। सोना न खरीदने, पेट्रोल-डीजल बचाने और विदेशी यात्राएं कम करने की नसीहत दी गई है। लक्ष्य एक ही है कि विदेशी पूंजी बचाई जाए, ताकि विदेशी विनिमय में हम अपने बजट घाटे और चालू घाटे को संभाल सकें और डालर के मुकाबले रुपए के गिरते जाने से बचा सकें। इन चुनौतियों के बीच पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। उसे और विकसित किया जा सकता है। इस पर काम करने की जरूरत है। भारत कई संस्कृतियों का देश है। इतनी विविधता वाला राष्ट्र दुनिया में कहीं नहीं हैं। कृषि प्रधान देश होने के कारण भारत की एक अनूठी लोक संस्कृति भी है। ग्रामीण समाज के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है। अपने-अपने लोकगीत हैं और अपनी-अपनी लोक परंपराएं हैं।

**राजस्व बढ़ेगा, पूंजी कमाने का नया रास्ता निकलेगा**-अगर इनकी ओर देश और विदेश के पर्यटकों को आकर्षित किया जाए, तो हमारा राजस्व बढ़ेगा। विदेशी पूंजी कमाने का एक नया रास्ता निकलेगा। हमारे सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़े बताते हैं कि कृषि क्षेत्र के मुकाबले सेवा क्षेत्र से कहीं अधिक राजस्व प्राप्त होता है। सेवा क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र मुख्य भागीदार है। अगर पर्यटन क्षेत्र में हम लोक संस्कृति से परिचय का एक नया आयाम जोड़ दें, तो पर्यटकों की एक बड़ी संख्या हमारे सामने होगी। देश के कई कोने पर्यटन का आकर्षण बन जाएंगे। भारत में विदेशी पर्यटकों की आमद इस तरह भी बढ़ाई जा सकती है। हमारी घरेलू दस्तकारियां, हमारे अनूठे लोक नृत्य और ग्रामीण समाज का लोक व्यवहार पर्यटकों के लिए बहुत बड़ा आकर्षण का केंद्र है। बस इसको और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इससे हम विदेशी पर्यटकों के लिए भारत में एक नई दुनिया खोज सकते हैं। पिछले दिनों पंजाब में एक नई नीति शुरू हुई है जिसे 'होमस्टे नीति' कहा जाता है। इसमें पंजाबी संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने का 'मास्टर प्लान' बनाया गया है। 'होमस्टे' को लेकर नवाचार या उससे जुड़े नव उद्यमियों के लिए आनलाइन पंजीकरण की नीति बनाई गई है। यह भी घोषणा की गई है कि ऐसे उद्यमियों को योजनाबद्ध तरीके से पांच करोड़ तक की सबसिडी दी जा सकती है। मगर पंजाब ही क्यों, हम इसका विस्तार देश के हर राज्य में कर सकते हैं, क्योंकि हर राज्य की ग्रामीण संस्कृति और उसका लोकाचार और व्यंजन अलग-अलग हैं। इसे बढ़ावा दें, तो पर्यटक देश के हर कोने में जाना पसंद करेंगे। इस प्रकार हम देखते ही देखते पूरे देश को पर्यटकों के लिए आकर्षक स्थल बना सकते हैं। पंजाब में जो योजना बनाई गई है, इसका नाम 'फार्मस्टे पालिसी 2026' दिया गया है। आजकल होटलों के अतिरिक्त रमणीक स्थलों पर आने वाले नव दंपतियों या विदेशी पर्यटकों को 'होमस्टे' की सुविधा दी गई है। हिमाचल और उत्तराखंड की सरकारें इस तरह के निवेश को अपने यहां प्रोत्साहित कर रही है। अब पूरे देश के ग्रामीण क्षेत्रों को पर्यटकों के लिए आकर्षक बनाया जा सकता है। पंजाब ने इस दिशा में पहल कर दी है। अब यहां किसान पर्यटकों को ठहराने, खाने-पीने और ठेठ ग्रामीण जीवनशैली का अनुभव कराने की सुविधा शुरू कर सकेंगे।

**पूरे देश में छोटे किसानों की की बड़ी संख्या**-ध्यान देने की बात है कि पंजाब ही नहीं पूरे देश में छोटे किसानों की की बड़ी संख्या है, जिनके पास औसत क्षेत्र दो एकड़ से पांच एकड़ तक जमीन है। इससे आय इतनी कम होती है कि उनका जीना मुश्किल हो जाता है। आजादी के इतने साल गुजर जाने के बाद भी वे अपनी खेती को व्यावसायिक नहीं बना सके और आज भी उन्हें मानसून पर निर्भर रहना पड़ता है। मगर अब यह सहारा भी कमजोर पड़ने लगा है। पर्यावरण पर प्रदूषण की मार का असर उन पर भी पड़ा है। बारिश के मौसम में भीषण गर्मी पड़ती है और जब फसलें पकने लगती हैं तो बारिश होने लगती है। ऐसी स्थिति में किसानों को अतिरिक्त आय की जरूरत है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं को जो इस समय खेतीबाड़ी में हाथ बंटा कर परिवार की मदद करती हैं। उनको अतिरिक्त आय का साधन दिया जा सकता है। वह साधन है- 'फार्मस्टे'। इसमें इनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण हो सकती है। वे पर्यटकों को ठहराने और ग्रामीण जीवनशैली से परिचित कराने में सहयोग कर आय का उपार्जन कर सकती हैं। अगर हम लोक संस्कृति के वाहक बन कर पूरे देश के ग्रामीण परिवेश को पर्यटकों के लिए विशेष पर्यटन क्षेत्र बना दें, तो सोचिए, इससे राजस्व में कितनी वृद्धि हो जाएगी। यही सोच कर पंजाब ने नई नीति बनाई है। पहाड़ों में बने 'होमस्टे' की तर्ज पर 'फार्मस्टे' को विकसित किया जा रहा है। ऐसा हर राज्य क्यों न करें? सभी राज्यों की अपनी लोक संस्कृति है और अपना ग्रामीण आकर्षण। पंजाब आने वाले पर्यटक खेतों में रह कर ट्रैक्टर चलाने, बैलगाड़ी की सवारी करने, पशुपालन देखने और गांवों के पारंपरिक खानपान व रहन-सहन को करीब से महसूस कर सकेंगे। इसी प्रकार हर राज्य अपनी-अपनी ग्रामीण संस्कृति के अनूठेपन और अपने लोकगीतों एवं लोकनृत्यों से पर्यटकों को लुभा सकता है। पंजाब में यह तय किया गया कि इस तरह के पर्यटन के लिए किसान के पास कम से कम एक एकड़ कृषि भूमि जरूर हो। इस प्रकार यहां के छोटे किसानों को अतिरिक्त आय का एक साधन मिल गया है। पंजाब में बनी नई नीति में साफ किया गया है कि कुल जमीन के केवल दस फीसद हिस्से पर ही निर्माण किया जा सकेगा, जबकि बाकी 90 फीसद क्षेत्र खुला रखना होगा। ताकि पर्यटकों के लिए खेती और उसका प्राकृतिक स्वरूप बना रहे।

पंजाब में इस परियोजना पर निवेश में दस फीसद सबसिडी मिलेगी। इसकी अधिकतम सीमा पंच करोड़ है। विदेशी पर्यटक आते हैं तो 'फार्मस्टे' संचालक को 24 घंटे के भीतर फार्म-सी भरकर प्रशासन को सूचना देनी होगी और ध्यान रखना होगा कि उनका 'फार्मस्टे' ग्रामीण परिवेश को बरकरार रखे। गांवों की शांति और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। यह योजना अपने आप में महत्त्वपूर्ण है। इससे पहले निर्यात के लिए भी हर राज्य की दस्तकारी को विशेष रूप से प्रोत्साहन देने की योजना बनाई गई थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी।

## आज का राशिफल

**मेष**
पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। लेनदारी वसूल होगी।

**वृष**
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**मिथुन**
बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

**कर्क**
लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। माता को कष्ट रहेगा। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी।

**सिंह**
यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या**
स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

**तुला**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। घर-बाहर अशांति रह सकती है।

**वृश्चिक**
रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**धनु**
प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे। शत्रु भय रहेगा।

**मकर**
भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। मशक्कत करने से लाभ होगा।

**कुंभ**
कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**मीन**
लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों में लगाएं ग्लिसरीन दूर होंगी यह समस्याएं

आजकल लोग बालों से जुड़ी कई समस्याओं से परेशान रहते हैं। बालों का झड़ना, ड्राई हेयर और डैंड्रफ जैसी कई हेयर प्रॉब्लम्स आजकल काफी आम हो गई हैं। इनसे निपटने के लिए लोग तरह-तरह के हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, आप कुछ नेचुरल चीजों की मदद से भी बालों की देखभाल कर सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि बालों की केयर करने के लिए ग्लिसरीन का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है? आमतौर पर ग्लिसरीन का इस्तेमाल स्किन संबंधी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए किया जाता है। लेकिन, आप बालों की प्रॉब्लम को दूर करने के लिए भी ग्लिसरीन का इस्तेमाल कर सकते हैं।




### फ्रिजी और ड्राई बालों से छुटकारा

अगर आप फ्रिजी और ड्राई बालों की समस्या से परेशान हैं, तो ग्लिसरीन का इस्तेमाल कंडीशनर के तौर पर कर सकते हैं। ग्लिसरीन लगाने से बालों को अंदर तक नमी और पोषण मिलता है। इससे बालों का रूखापन दूर होता है। इसके लिए पानी में थोड़ा सा ग्लिसरीन डालकर अपने बालों में लगाएं। इसे कुछ मिनट तक बालों में लगा रहने दें। फिर बालों को सादे पानी से धो लें। इससे आपके बाल मुलायम और सिल्की बनेंगे।

### डैंड्रफ दूर करें

अगर आप बालों में डैंड्रफ की समस्या से परेशान हैं, तो ग्लिसरीन का इस्तेमाल आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ग्लिसरीन में एंटीफंगल गुण मौजूद होते हैं, जो स्कैल्प पर बैक्टीरिया को पनपने से रोकते हैं। इससे बालों में डैंड्रफ की समस्या दूर होती है। रूसी से छुटकारा पाने के लिए नारियल के तेल में कुछ बूंदें ग्लिसरीन की मिलाकर बालों में मसाज करें। 2 घंटे बाद बालों को पानी से धो लें। हफ्ते में कम से कम 2 बार ऐसा करने से आपको डैंड्रफ की समस्या से जल्द छुटकारा मिलेगा।

### दोमुंहे बालों से निजात

बालों को लंबे समय तक ट्रिम ना करवाने के कारण अक्सर दोमुंहे बालों की समस्या हो जाती है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप ग्लिसरीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए ऑलिव ऑयल या किसी भी कैरियर ऑयल में कुछ बूंदें ग्लिसरीन की मिलाकर बालों में लगाएं। ऐसा करने से दोमुंहे बालों की समस्या दूर होगी और बाल मजबूत बनेंगे।

### हेयर ग्रोथ बढ़ेगी

अगर आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है, तो ग्लिसरीन के इस्तेमाल से आप लंबे बाल पा सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में दो चम्मच जैतून का तेल लें। इसमें एक चम्मच शहद और कुछ बूंदें ग्लिसरीन की मिलाएं।

# बालों के लिए वरदान है नारियल का दूध इसे लगाने से आपको होंगे यह खास फायदे



बालों को हेल्दी रखने के लिए लोग कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। ये प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ कई बार इनमें मिले हानिकारक कैमिकल्स बालों को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में बालों को हेल्दी रखने के लिए कई लोग नारियल तेल से सिर की नियमित मसाज करते हैं। नारियल तेल बालों को पोषण देकर बालों को मजबूत बनाने में मदद करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं नारियल तेल के अलावा बालों पर नारियल का दूध को भी इस्तेमाल किया जा सकता हैं। नारियल के दूध भरपूर मात्रा में विटामिन सी और ई पाया जाता है, जो बालों को स्वस्थ रखने के साथ बालों को बढ़ाने में भी मदद करता हैं। नारियल का दूध दोमुंहे बालों और रूखे बालों की समस्या को दूर करके बालों को हेल्दी रखता हैं।

**बालों को बढ़ाने में मददगार :** अगर आप भी बालों की स्लो ग्रोथ से परेशान हैं, तो बालों पर नारियल का दूध लगाकर देखें। ये बालों को तेजी से बढ़ाकर स्कैल्प को हेल्दी रखने में मदद करता हैं। नारियल के दूध में विटामिन बी1, बी6 और बी5 आदि पाए जाते हैं, जो बालों को बढ़ाने में मदद करते हैं। नारियल के दूध से मसाज करने से स्कैल्प को पोषण मिलेगा और बालों तेजी से बढ़ेंगे।

**डैंड्रफ की समस्या को करें दूर :** डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए नारियल के दूध को इस्तेमाल किया जा सकता है। नारियल के दूध में लॉरिक एसिड, एंटी बैक्टीरियल और एंटी माइक्रोबियल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं, जो डैंड्रफ को दूर करके बालों को हेल्दी रखने में मदद करता हैं। नारियल का दूध बालों से रूखेपन को दूर करके डैंड्रफ की समस्या से निजात दिलाता है।

**सफेद बालों को करें कम :** नारियल का दूध सफेद बालों की समस्या को कम करने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए नारियल के दूध का हेयर मास्क का इस्तेमाल कर सकते हैं। सफेद बालों की समस्या विटामिन बी12 की कमी से होते हैं। वहीं नारियल का दूध विटामिन बी12 प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जो बालों को सफेद होने से रोकता हैं।

**बालों को झड़ने से रोकें :** नारियल का दूध बालों को झड़ने से रोकता है। ये बालों को पोषण देकर उन्हें मजबूत बनाता हैं। जिससे झड़ते बालों की समस्या दूर होती हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए नारियल के दूध में दही मिलाकर बालों पर एक घंटे के लिए लगाएं। उसके बाद बालों को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ऐसा नियमित करने से हेयर फॉल कम होगा।

### फ्रिजी बालों की समस्या को करें दूर

नारियल का दूध फ्रिजी बालों की समस्या को दूर करके बालों को चमकदार और स्मूद बनाता हैं। यह नैचुरल रूप से बालों की कंडीशनिंग करके बालों को उलझने से बचाता है। अगर आपके बाल बहुत ज्यादा उलझते हैं, तो बालों को शैंपू करने के बाद नारियल के दूध को कंडिशनर की तरह बालों पर लगाएं।

# घर में इस्तेमाल होने वाला साबुन, टूथपेस्ट और पाउडर बढ़ा सकता है कैंसर का खतरा



अच्छे स्वास्थ्य के लिए साफ-सफाई रखना बेहद जरूरी है, लेकिन अब शोधकर्ताओं ने साफ-सफाई करने वाले उत्पादों को लेकर चौंकाने वाला दावा किया है। शोध के अनुसार, हाथ धोने के साबुन, टूथपेस्ट और साफ-सफाई में इस्तेमाल होने वाले उत्पादों में एक ऐसे रसायन पाए गए हैं, जिसका सीधा संबंध एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस से है। यह रसायन शरीर में बैक्टीरिया आदि को खत्म करने वाली एंटीबॉडीज को नुकसान पहुंचा रहे है। यह खुलासा टोरंटो यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा एक अध्ययन में किया गया।

**नामुमकिन हो सकता है इलाज :** मिट्टी में हजारों रसायन मौजूद होते हैं। इनमें ट्राइक्लोसन को प्रमुख एंटीबैक्टीरियल कंपाउंड के रूप में पाया गया, जो ई-कोलाई को प्रभावित करता है। एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंसयानी रोगाणुरोधी प्रतिरोध उस वक्त होता है, जब बैक्टीरिया और फंगस उन्हें खत्म करने के लिए तैयार की गईं दवाओं को हराने की क्षमता विकसित कर लेते हैं। इसका मतलब यह है कि कीटाणु खत्म नहीं होते हैं और बढ़ते रहते हैं। रेसिस्टेंट इंफेक्शन का इलाज मुश्किल और कभी-कभी नामुमकिन हो सकता है।

**एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंसबन बड़ा खतरा :** शोकधकर्ताओं ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस को दुनियाभर में आम लोगों के लिए बड़ा खतरा बताया है। इसकी वजह से दुनियाभर में 1.27 मिलियन लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 2019 में होने वाली लगभग पांच मिलियन यानी 50 लाख मौतों से इसका संबंध है। शोध के अनुसार, हालांकि यह पहली बार नहीं है कि जब दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाले उत्पादा में हानिकारक रसायन मिले हों। वैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययनों में इस तरह के मामले सामने आते रहते हैं।

**रसायनों के सही मिश्रण पर नहीं दे रहे ध्यान :** शोधकर्ताओं ने कहा, ये उत्पाद बाजार में इसलिए हैं, क्योंकि कंपनियां स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं को नजरअंदाज करते हुए इनका व्यवसायीकरण कर रही हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, कई बार कंपनियों के पास कोई स्टैंडर्ड सेटअप न होने के कारण वे इन उत्पादों को बनाते समय कंपाउंड का ध्यान नहीं रखते हैं।

### राजस्थान में पाण्डुलिपि संरक्षण की अहम पहल

## हस्तलिखित ग्रन्थों का डिजिटलीकरण कार्य हुआ शुरू

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** राजस्थान की प्राचीन ज्ञान परम्परा और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ज्ञान भारतम् मिशन, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोगी केन्द्र सेठ सूरजमल तापडिया आचार्य संस्कृत महाविद्यालय, जसवन्तगढ़, कुचामन नागौर सुप्रीम फाउंडेशन के अन्तर्गत राजस्थान के दो प्रमुख पाण्डुलिपि केंद्र सरस्वती पुस्तकालय, फतेहपुर, सीकर तथा हनुमान पुस्तकालय, रतनगढ़, चूरू में प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के डिजिटलकरण और विवरणिका निर्माण कार्य का विधिवत शुभारम्भ हुआ। वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी ने बताया कि इस पहल से राजस्थान की दुर्लभ हस्तलिखित ग्रन्थों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। इन केन्द्रों पर संरक्षित संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की दुर्लभ पाण्डुलिपियों को आधुनिक तकनीक द्वारा स्कैन कर सुरक्षित डिजिटल रूप में संग्रहित किया जाएगा। इससे भविष्य में शोधार्थियों और विद्वानों को इन अमूल्य धरोहरों का अध्ययन आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। परियोजना का संचालन डॉ. अल्का शर्मा के निर्देशन और देखरेख में प्रारम्भ हुआ है। पाण्डुलिपि विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा के अनुसार यह परियोजना न केवल राजस्थान की साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान परम्परा के संवर्धन और संरक्षण को भी नई दिशा प्रदान करेगी।

### पेट्रोल पम्पों पर चला निरीक्षण अभियान

## 226 पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण में 103 नोजल सीज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेशभर में उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीजल की सही मात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधिक माप विज्ञान विभाग ने 13 मई से 18 मई तक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभिन्न जिलों में कुल 226 पेट्रोल पम्पों की जांच की गईए जिनमें 110 पेट्रोल पम्पों पर विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं मिलने पर कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार निरीक्षण के दौरान अधिकांश पेट्रोल पम्प निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए और उपभोक्ताओं को सही मात्रा में ईंधन वितरण होता मिला। हालांकि कुछ मामलों में शॉर्ट डिलीवरी की शिकायतें सामने आईं। विभाग ने बताया कि कई स्थानों पर वितरण में बेहद मामूली अंतर पाया गया, जो तापमान, मशीनों की तकनीकी संवेदनशीलता, कैलिब्रेशन अथवा अन्य परिचालन कारणों से हो सकता है। विशेष अभियान के दौरान 60 प्रकरण शॉर्ट डिलीवरी से संबंधित पाए गए। जांच के दौरान 103 नोजल नियमानुसार सीज किए गए।

इसके अलावा 56 मामलों में सत्यापन प्रमाण पत्र प्रदर्शित नहीं किए जाने तथा 16 मामलों में अप्रमाणित माप उपकरण उपयोग में लेने की अनियमितता सामने आई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कुल 226 पेट्रोल पम्पों में से लगभग 116 पेट्रोल पम्प पूरी तरह मानकों के अनुरूप पाए गए। अभियान का उद्देश्य पेट्रोल पम्प संचालकों को प्रतिदिन 5 लीटर माप के माध्यम से स्वयं जांच करने और मशीनों का नियमित रखरखाव एवं कैलिब्रेशन सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करना है। विधिक माप विज्ञान विभाग ने कहा कि उपभोक्ता हितों की सुरक्षा और व्यापारिक पारदर्शिता बनाए रखने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के निरीक्षण अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## हुड़दंग, स्टंटबाजी और तोड़फोड़ करने वाले गिरफ्तार

**जयपुर( नवयत्न )।** पत्रकार कॉलोनी थाना पुलिस ने नीमड़ी वाले बालाजी क्षेत्र में देर रात स्टंटबाजी, हुड़दंग और वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई दो थार और एक स्विफ्ट कार भी जब्त की है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि 24-25 मई 2026 की रात पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र स्थित नीमड़ी वाले बालाजी के पास कुछ युवक तेज गति से वाहन दौड़ाकर स्टंट कर रहे थे। आरोपी एक-दूसरे की गाड़ियों को टक्कर मारने के साथ डंडों, सरियों और पत्थरों से वाहनों में तोड़फोड़ कर रहे थे। सूचना मिलने पर थाना पुलिस और चेतक जाब्ता मौके पर पहुंचा। उस समय करीब 8 से 10 वाहनों में सवार युवक सड़क पर जमकर हुड़दंग कर रहे थे। आरोपियों ने आसपास खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ की और पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर गाड़ियों को तेज रफ्तार से भगाते हुए पुलिस वाहनों को भी टक्कर मार दी। पुलिस ने पीछा कर स्थिति को नियंत्रित किया और बड़ी जनहानि होने से बचाया। घटना के बाद पत्रकार कॉलोनी थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस और डीएसटी टीम ने लगातार दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में विकास शर्मा, महेश शर्मा, लेखराज गुर्जर और लोकेश लाम्बा शामिल हैं। सभी आरोपी टोंक जिले के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त दो थार और एक काले रंग की स्विफ्ट कार जब्त की है।

# प्री-मानसून की तैयारियों को लेकर विधायक ने अधिकारियों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विधायक गोपाल शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्री.मानसून तैयारियों की व्यापक समीक्षा बैठक की। बैठक में जेडीए, नगर निगम और पीएचईडी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मानसून से पहले सड़क, सीवर और जल निकासी व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से दुरुस्त कर नागरिकों को बारिश के दौरान होने वाली असुविधाओं से बचाने पर चर्चा हुई। विधायक गोपाल शर्मा ने निर्देश दिए कि मानसून से पहले क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। जलभराव के संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए स्थान-विशेष पर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। वहीं, सीवर लाइनों और जल निकासी तंत्र की सफाई तथा मेंटेनेंस को शीघ्रता से कराया जाए ताकि प्रणाली सुचारु रूप से कार्य कर सके। संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित कार्यवाही और सतत मॉनिटरिंग के लिए विभागीय समन्वय अनिवार्य किया जाए। विधायक शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। शर्मा ने कहा कि बारिश के समय आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न होए इसके लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर नियमित निरीक्षण एवं समन्वयित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्माण और मरम्मत कार्यों की समयबद्ध रिपोर्टिंग और सार्वजनिक शिकायतों के त्वरित निवारण पर भी जोर दिया।

## भारतीय सेना में चयन होने पर कैडेट्स का किया सम्मान




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय तारानगर के लिए अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि महाविद्यालय के 15 से अधिक एनसीसी कैडेट्स का भारतीय सेना में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार की ओर से चयनित कैडेट्स का सम्मान समारोह आयोजित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। एनसीसी प्रभारी प्रो. राजेंद्र प्रसाद कस्वा ने बताया कि समारोह में चयनित कैडेट्स का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सत्यवती बुडानिया अपने उद्बोधन में कहा कि इतने युवाओं का भारतीय सेना में चयन महाविद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। एनसीसी अनुशासन, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है तथा कैडेट्स की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने चयनित कैडेट्स को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग ने हाईवे पर 645 किलो मिलावटी पनीर पकड़ा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे पर 645 किलो मिलावटी पनीर से भरी एक पिकअप गाड़ी पकड़ी। संयुक्त कार्रवाई में करीब 1.60 लाख रुपए कीमत का संदिग्ध और केमिकल युक्त पनीर जब्त कर मौके पर ही गड्ढा खुदवाकर नष्ट कराया गया। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को डिटेन कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि जिले में हाईवे पर अवैध गतिविधियों और मिलावटखोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत चंदवाजी थानाधिकारी नितिन चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने टीएसी पुलिया के पास नाकाबंदी कर रखी थी। नाकाबंदी के दौरान मनोहरपुर की ओर से आ रही पिकअप गाड़ी को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में रखे 12 बड़े आइस बॉक्स में भारी मात्रा में पनीर भरा मिला। पनीर से आ रही संदिग्ध गंध और गुणवत्ता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय को सूचना दी। सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पनीर के नमूने लेकर जांच की। प्रारंभिक जांच में पनीर मिलावटी और मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाया गया। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पूरे पनीर को मौके पर ही नष्ट कराया गया तथा पिकअप वाहन को भी जब्त कर लिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार यदि यह खेप जयपुर शहर तक पहुंच जाती तो होटल, ढाबों और आयोजनों में इसका उपयोग होने की आशंका थी, जिससे बड़ी संख्या में लोग बीमार हो सकते थे। पुलिस ने मौके से जमील निवासी रामगढ़ अलवर, तालिर निवासी रामगढ़ अलवर तथा वारिस निवासी बहादरपुर, अलवर को डिटेन किया है। तीनों से पनीर सप्लाई नेटवर्क और मिलावटखोरी गिरोह के संबंध में पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई में उप निरीक्षक हरिराम, उप निरीक्षक लीलाधार, कांस्टेबल सुभाष चंद्र और कांस्टेबल मुकेश कुमार की विशेष भूमिका रही।

## निशा का अखिल भारतीय छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए चयन

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बिजौली स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा निशा का अखिल भारतीय छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएसएम में चयन होने पर स्कूल स्टाफ व गांव में खुशी का माहौल है। स्कूल स्टाफ की मेहनत से स्कूल के 30 छात्र राज्य स्तरीय व 5 छात्र राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल खेल चुके हैं। इस मौके पर बीएलओ सुनीता छिछोलिया, बीएलओ रितु कुमारी, पूनम शर्मा, सरिता, सुदेश, सीएमओ मधु शर्मा, नर्सिंग स्टाफ पुष्पा, आशा सहयोगिनी सरोज, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चांदकोर, सुमन सहित अखिल भारत हिंदू महासभा जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ व ग्रामीणों ने निशा को बधाई दी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत देवीपुरा
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/37 दिनांक :- 22-05-2026

### ई-निविदा सूचना 2026-27

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0224 | ZJU2627GLRC 00399 | 2026_PRD_ 562914_1 |
| 2 | ग्राम पंचायत देवीपुरा मिनी सचिवालय के प्रथम तल पर अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2627A 0225 | ZJU2627WSOB 00400 | 2026_PRD_ 562919_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत देवीपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवीपुरा
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत मांडासी
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/28 दिनांक :- 26-05-2026

### ई-निविदा सूचना 2026-27

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0237 | ZJU2627GLRC 00414 | 2026_PRD_ 563065_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत मांडासी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मांडासी
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत सौंथली
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/GP/33/2026 दिनांक :- 26-05-2026

### ई-निविदा सूचना 2026-27

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 50.00 | ZJU2627A 0236 | ZJU2627GLRC 00413 | 2026_PRD_ 563034_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत सौंथली
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सौंथली
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

## कार्यालय ग्राम पंचायत राणासर
## पं. स. नवलगढ़ जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/85-86 दिनांक :- 26-05-2026

### ई-निविदा सूचना 2026-27

इस कार्यालय द्वारा ई-निविदा आंमत्रित की गयी है निविदा की विस्तृत सूचना एवं शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माण साम्रगी आपूर्ति हेतु ई-निविदा वित वर्ष 2026-27 | 40.00 | ZJU2627A 0238 | ZJU2627GLRC 00415 | 2026_PRD_ 563086_1 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत राणासर
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत राणासर
पं. स. नवलगढ़ (झुंझुनूं)



# नेचुरल ब्यूटी की अद्भुत मिसाल है सोनमर्ग के ये खूबसूरत डेस्टिनेशन

जम्मू और कश्मीर में ऐसे कई पर्यटन स्थल है, जो अपनी खूबसूरती, पहाड़ों की ऊंची चोटियां, ट्रेकिंग, तीर्थ स्थलों और अद्भुत नजारों के लिए जाने जाते हैं। सोनमर्ग भी जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित एक ऐसा ही फेमस पर्यटन स्थल है। यह अपनी प्रकृतिक सुंदरता, झीलों, दर्रे और पर्वतों के लिए पूरे वर्ल्ड में फेमस है। समुद्र सतह से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित सोनमर्ग अमूमन बर्फ की चादरों से ढका रहता है। वसंत ऋतु में सोनमर्ग जब सुंदर और खूबसूरत फूलों से ढक जाता है तो इसका नजारा सैलानियों को और भी ज्यादा आकर्षित करता है।

## कृष्णासर

सैलानियों के घूमने लिए सोनमर्ग में सबसे पसंदीदा जगह कृष्णासर दर्रा है। अपने बेहतरीन प्रकृतिक सुंदरता और एडवेंचर के लिए यह जगह परफेक्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन माना जाता है। ट्रेकिंग और adventurous करने के लिए भी यह जगह बेस्ट है। कृष्णासर दर्रा के बगल में ऐसी कई झीलें भी है, जिसका अद्भुत नजारा सैलानियों को खूब भाता है। वसंत ऋतु में इस जगह की खूबसूरती और भी अधिक हो जाती है। अगर आप भी जम्मू और कश्मीर के सोनमर्ग घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इस जगह जाना ना भूलें।



## बालतल

अगर आपके परिवार में से कोई सदस्य अमरनाथ यात्रा के लिए गया हो तो वह इस जगह की सुंदरता के बारे में आपको आसानी से बता सकता है। अगर आपको नहीं मालूम है तो आपको बात दें कि अमरनाथ मंदिर यात्री इसी मार्ग से होकर जाते हैं। ज़ोजी-ला दर्रे के पास मौजूद इस जगह को सोनमर्ग के बेस्ट टूरिस्ट डेस्टिनेशन में एक माना जाता है। यहां पर सैलानियों के लिए हमेशा कैम्प लगे रहते है, जहां वह आसानी से रुक सकते हैं। बालतल पर्यटन स्थल पर आपको ट्रेकिंग और river rafting जैसे कई adventurous वर्क का भी लुफ्त उठा सकते हैं।

## विशनसर झील

सोनमर्ग को झीलों की नगरी भी कहा जाता है। यहां छोटी-बड़ी कई झीलें है। समुद्र सतह से लगभग 3710 मीटर की ऊंचाई पर स्थित विशनसर झील अपने आकर्षित दृश्य और प्रमुख पर्यटन स्थल के लिए जाना जाता है। इस जगह पर जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 1 द्वारा शितकादी गांव पहुंचे और फिर ट्रेकिंग के माध्यम से या फिर घोड़े के माध्यम से यहां पहुंचे। अपने फैमिली और दोस्तों के साथ एक शांत और प्राकृतिक जगह पर समय बिताना चाहते हैं तो या डेस्टिनेशन आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

## थजिवास ग्लेशियर

भारत का स्वर्ग, जम्मू और कश्मीर को ऐसे ही नहीं कहा जाता है। सोनमर्ग का थजिवास ग्लेशियर भी कुछ इसी तरह का है। इस जगह को जम्मू और कश्मीर में धरती का स्वर्ग माना जाता है। सफ़ेद बर्फ की चादरों में लिपटी यह जगह पर्यटकों के लिए सबसे पसंदीदा जगहों में से एक है। बर्फ-बारी के दौरान इस जगह पर पर्यटकों का हमेशा जमावड़ा और भी अधिक लगा रहता है। यहां ठंड में अमूमन पारा शून्य से नीचे रहता है। प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेना हो तो आपके लिए ये बेस्ट डेस्टिनेशन होने वाला है।

## गद्सर झील

गद्सर झील अपनी खूबसूरती के साथ फूलों की घाटी नाम से जाना जाता है। समुद्र तल से लगभग 5000 मीटर की ऊंचाई में स्थित गद्सर झील से हिमालय की मनमोहक दृश्य के नजारे का लुफ्त उठा सकते हैं। इस झील के पास मौजूद अल्पाइन फूलों के बाग की यात्रा आपको और भी मोहक लगेगी। वसंत ऋतु में इन फूलों की खूबसूरती देखने लायक होती है। अगर आपको हरे-भरे पेड़-पौधों और बेहतरीन फूलों से लगाव है तो यहां जरूर पहुंचे।

## कब जाएं

सोनमर्ग की सैर करने के लिए आप नवंबर से अप्रैल के बीच और मई से अक्टूबर के बीच जा सकते हैं। अगर आपको यहां की बर्फबारी का आनंद उठाना हो तो नवंबर से अप्रैल के बीच में यहां जा सकते हैं।





# हिमाचल प्रदेश में हैं तो जरूर करें ये चीजें

पश्चिमी हिमालय की गोद में बसा हिमाचल प्रदेश बेहद ही आकर्षक जगह है। यहां पर आपको प्रकृति की खूबसूरती को करीब से देखने का मौमका मिलता है। अगर आप यहां पर हैं तो आप प्राचीन मंदिरों से लेकर मठों, हरी-भरी घाटियों, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों, एडवेंचर्स स्पोर्ट्स आदि का आनंद ले सकती हैं। यह राज्य यहां आने वाले यात्रियों को कभी भी निराश नहीं करता है। फिर चाहे आपको कुछ एडवेंचर्स करने का मन हो या फिर आप सिर्फ शहरी भीड़भाड़ से दूर कुछ वक्त सिर्फ प्रकृति की गोद में बिताना चाहते हों, इस राज्य में घूमना यकीनन आपके लिए एक पैसा वसूल ऑप्शन है।



## ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में प्रकृति की खूबसूरती निहारें

754 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क कुल्लू में स्थित यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक है। यह एरिया अल्पाइन चोटियों और अल्पाइन घास के मैदानों से भरा हुआ है। इसमें कई पर्वतीय ग्लेशियर और नदियां भी शामिल हैं। इस नेशनल पार्क में वनस्पति और जानवरों की 375 से अधिक प्रजातियां हैं। आप ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में जंगल सफारी का लुत्फ भी उठा सकती हैं।

## हनुमान टिब्बा में हेली-स्कीइंग का उठाएं आनंद

हिमाचल प्रदेश के मनाली के हनुमान टिब्बा में हेली-स्कीइंग दिसंबर में की जाने वाली ऑफबीट चीजों में से एक है। हनुमान टिब्बा बर्फ से भरे हिमालय में हेली-स्कीइंग का मज़ा और रोमांच प्रदान करता है। प्राकृतिक बर्फ में हेली-स्कीइंग का अपना एक अलग ही आनंद है। अगर आप हिमाचल प्रदेश में लीक से हटकर कुछ करना चाहते हैं तो यह यकीनन एक बेहद ही अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

## बीर बिलिंग में करें पैराग्लाइडिंग

अगर आप एडवेंचर्स प्रवृत्ति के हैं और हिमाचल प्रदेश में एक अद्भुत अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं तो ऐसे में बीर बिलिंग में पैराग्लाइडिंग का आनंद उठाया जा सकता है। 2300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, बीर बिलिंग सभी एडवेंचर्स लोगों के लिए एक बेहतरीन प्लेस है। समुद्र तल से 8000 फीट की ऊंचाई से कूदना यकीनन जीवन के यादगार अनुभवों में से एक हो सकता है।

## करें ट्रेकिंग

अगर आपको ट्रेकिंग करना काफी अच्छा लगता है तो यकीनन हिमाचल प्रदेश एक ऐसी जगह है, जहां पर आपको अवश्य जाना चाहिए। हिमाचल की भूमि ट्रेकिंग ट्रेल्स से भरी हुई है। यहां पर चलते हुए आप हिमालय की सुंदरता का अनुभव कर सकती हैं। यहां पर त्रिउंड ट्रेक, खीरगंगा ट्रेक, ब्यास कुंड ट्रेक और ट्रेक टू इंद्रहार दर्रा आदि कुछ ट्रेकिंग ट्रेल्स हैं जो सबसे लोकप्रिय ट्रेक्स में से हैं। ऐसे ही अन्य कई रास्ते भी हैं जो पूरे हिमाचल प्रदेश राज्य में फैले हुए हैं।

## करें रिवर राफ्टिंग

रिवर राफ्टिंग एक बेहद ही एक्साइटिंग स्पोर्ट है और हिमाचल प्रदेश आने वाला हर सैलानी रिवर राफ्टिंग करना पसंद करता है। चूंकि हिमाचल प्रदेश वाटर रैपिड्स से भरा हुआ है, इसलिए यहां पर इस एडवेंचर्स स्पोर्ट का आनंद लिया जा सकता है। मनाली, कुल्लू, डलहौजी और लाहौल कुछ ऐसी बेहतरीन जगहें हैं, जहां पर आप रिवर राफ्टिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

# मध्यप्रदेश के इन मंदिरों के हर शिवभक्त को करने चाहिए दर्शन

मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जो देश के केन्द्र में स्थित है और अक्सर लोग यहां पर वाइल्डलाइफ से लेकर कल्चर को एक्सपीरियंस करने के लिए आते हैं। लेकिन अगर आप आध्यात्मिक प्रवृत्ति के इंसान हैं और पूरी तरह से भक्ति में लीन होना चाहते हैं तो यहां पर आप कई विशेष मंदिरों के दर्शन कर सकते हैं। खासतौर से, एक शिव भक्त को यह राज्य बिल्कुल भी निराश नहीं करता है। भारत में कुल 12 ज्योतिर्लिंग हैं, जिनमें से मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग हैं। उज्जैन जिले का महाकालेश्वर और खंडवा जिले में ओंकारेश्वर, शिव भक्तों के बीच एक अलग स्थान रखता है। इन ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। अगर आप भी शिव भक्त हैं और पूरी तरह से भक्ति रस में डूबना चाहते हैं तो आपको एक बार मध्य प्रदेश अवश्य जाना चाहिए।



## महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, उज्जैन

उज्जैन का महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है और इसलिए इसे भगवान शिव का सबसे पवित्र निवास स्थान माना जाता है। प्राचीन शहर उज्जैन पवित्र नदी क्षिप्रा के तट पर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि इसे छठी शताब्दी ईस्वी के आसपास निर्मित किया गया था। महाकालेश्वर मंदिर हर सुबह होने वाली अपनी अनूठी भस्म आरती के लिए प्रसिद्ध है।

## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर, खंडवा

ओंकारेश्वर मंदिर नर्मदा नदी में एक तट पर स्थित है और यह भगवान शिव के 12 प्रतिष्ठित ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक है। ओंकारेश्वर में भगवान शिव के दो मुख्य मंदिर हैं, जिन्हें नर्मदा नदी के दोनों तटों पर ममलेश्वर मंदिर और ओंकारेश्वर मंदिर के नाम से जाना जाता है। इसके आर्किटेक्चर में उत्तर और दक्षिण भारतीय शैलियों का मिश्रण देखा जाता है।

## कंदरिया महादेव मंदिर, खजुराहो

कंदरिया महादेव मंदिर खजुराहो में स्थित एक हिन्दू मंदिरहै, जिसे चंदेल राजवंश के दौरान बनाया गया था। इस मंदिर का बेहतरीन आर्किटेक्चर इसे देखने लायक एक बेहद ही खूबसूरत मंदिर बनाते हैं। इस मंदिर परिसर 282 मीटर की ऊंचाई पर 6 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

## पशुपतिनाथ मंदिर, मंदसौर

मंदसौर शहर में स्थित, पशुपतिनाथ मंदिर भगवान शिवको समर्पित एक प्रतिष्ठित पूजा स्थल है। 8वीं शताब्दी का यह मंदिर अपने आर्किटेक्चर के लिए जाना जाता है। मंदसौर का यह शिव मंदिर अपने आठमुखी शिवलिंग के लिए जाना जाता है, जो शैव धर्म की पशुपतिनाथ परंपरा से संबंधित है।

## बैजनाथ मंदिर, भोपाल

भोपाल शहर में स्थित बैजनाथ मंदिर 12वीं शताब्दी में बनाया गया था। यह अपने हिंदू और मुस्लिम आर्किटेक्चर स्टाइल के लिए जाना जाता है। इसकी मंदिर के आस-पास खूबसूरत शिवना नदी और पहाड़ियां इस जगह को और भी अधिक खूबसूरत बनाती हैं।

## जटाशंकर मंदिर, पचमढ़ी

पचमढ़ी के खूबसूरत हिल स्टेशन में स्थित जटाशंकर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। आश्चर्यजनक प्राकृतिक गुफाओं और झरने के बीच स्थित यह मंदिर एक मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। यह शिव मंदिर महाकाव्य महाभारत के पौराणिक पांडवों से भी जुड़ा हुआ है।

# करीब से देखना चाहती हैं टाइगर तो इन नेशनल पार्क में जरूर जाएं

भारत में भी कई प्रसिद्ध टाइगर रिजर्व हैं, जहां आप बाघ को देख सकती हैं और रोमांचित अनुभव प्राप्त कर सकती हैं। हर दिन हजारों पर्यटक इन पार्क में घूमने आते हैं।

**रणथंभौर नेशनल पार्क :** यह नेशनल पार्क 1,443 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और यह राजस्थान में स्थित है। रणथंभौर भारत के सबसे प्रसिद्ध टाइगर रिजर्वों में से एक है। बाघों को देखने के लिए यह एक प्रमुख नेशनल पार्क है। सिर्फ यही नहीं, यहां जंगली बिल्लियां, भालू, लकड़बग्घा, लोमड़ियों और सियार भी देखने को आपको मिल जाएंगे। यहां घूमने आने का सबसे अच्छा समय अप्रैल माह से लेकर से मई माह के बीच का समय होता है। वहीं अगर आप सिर्फ बाघ को देखना चाहती हैं तो दिसंबर के महीने में यहां बाघ अधिक दिखाई देते हैं।

**सरिस्का नेशनल पार्क, राजस्थान :** राजस्थान में स्थित इस नेशनल पार्क में बंगाल टाइगर के अलावा भारतीय तेंदुए को भी देखा जा सकता है। इस नेशनल रिजर्व में पांडवों से संबंधित पांडुपोल में भगवान हनुमान का एक प्रसिद्ध मंदिर भी है। सरिस्का को साल 1955 में एक वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था लेकिन साल 1978 में इसे बाघ अभयारण्य घोषित किया गया और यह भारत के प्रोजेक्ट टाइगर का हिस्सा भी बना। यह पार्क हर साल 01 अक्टूबर से 30 जून तक खुलता है।

**कान्हा नेशनल पार्क :** कान्हा टाइगर रिजर्व भारत के बाघों के लिए प्रसिद्ध है। यह मध्य प्रदेश में स्थित है। इस पार्क में आपको टाइगर के अलावा भालू,



बारहसिंघा, तेंदुओं की अलग-अलग प्रजातियां भी देखने के मिल जाएंगी। कान्हा नेशनल पार्क 1 जून 1955 को बनाया गया था लेकिन साल 1973 में कान्हा टाइगर रिजर्व बनाया गया था।

## फूल बंगले में बिराजे लखदातार : भजनों के संग हुई जय जयकार

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटीकाशी के श्याम मंदिर श्याम सेवी संस्थाओं की ओर से एकादशी के उपलक्ष में श्याम बाबा का दरबार सजाकर भजन संध्या आयोजित की गई। रामगंज बाजार स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर में एकादशी पर अरदास संकीर्तन हुआ। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई। मंदिर महंत पंडित लोकेश मिश्रा के सान्निध्य में आयोजित संकीर्तन के दौरान बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। श्याम प्रभु का मनमोहक दरबार सजाकर छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। अखंड ज्योति प्रज्जवलित करने के साथ संकीर्तन का शुभारंभ हुआ।

**विवाधको के स्थिरीकरण के लिए समन**
**( आदेश 5 के नियम 1 और 5 )**
**न्यायालय सहायक कलेक्टर,झुन्झुनू**
**वादी - सेडुराम आदि - विरुद्ध - अशोक कुमार वगैरह**
**दावा बाबत घोषणार्थ एवं दुरूस्ती रिकार्ड**

*मु.नं. 179/2025*

प्रेषित -

1. अशोक कुमार पुत्र मदनलाल
2. घनश्याम पुत्र मदनलाल
3. उषा देवी पत्नी विश्वनाथ
4. प्रवीण कुमार पुत्र विश्वनाथ
5. . . . कुमार पुत्र ब्रदीप्रसाद
6. . . कुमार पुत्र बद्रीप्रसाद
7. दीपक कुमार पुत्र बद्रीप्रसाद
8. सुभाष पुत्र बद्रीप्रसाद
9. सुभाष पुत्र बद्रीप्रसाद
10. मेवा देवी पुत्री चिरंजीलाल
11. मीना देवी पुत्री चिरंजीलाल
12. ललीत कुमार पुत्र चिरंजीलाल
13. संतोष पुत्री चिरंजीलाल
14. सुमित्रा देवी पुत्री चिरंजीलाल
15. सरिता पुत्री चिरंजीलाल

समस्त जाति महाजन निवासीगण
भौड़की तहसील गुढ़ागौड़जी जिला झुन्झुनू

वादी सेडुराम आदि ने आपके विरूद्ध दावा बाबत घोषणार्थ एवं दुरूस्ती रिकार्ड का पेश किया है वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 29/05/2026 को दिन के 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हो, पेशकर जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थित में किया जावेगा। यह कि आज तारीख 1830/13-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय
सहायक कलक्टर
झुंझुनूं (राज.)

# अंतर्राज्यीय बाइक चोर गैंग चढ़ी पुलिस के हत्थे

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने वाहन चोरी और नकबजनी की वारदातों में शामिल दो शातिर अंतर्राज्यीय बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें और सात गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। दोनों आरोपी नशे और मौज-मस्ती के लिए वारदातों को अंजाम देते थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि हरमाड़ा थाना पुलिस ने वाहन चोरी और नकबजनी की वारदातों में शामिल दो शातिर अंतर्राज्यीय वाहन चोर शहजाद खान निवासी एटा, उत्तर प्रदेश तथा महेश गौरी उर्फ मनीष निवासी किशनगढ़ जिला अजमेर को गिरफ्तार किया हैं। दोनों आरोपी जयपुर में किराए पर रह रहे थे। पलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले कॉलोनियों और सुनसान इलाकों की रेकी करते थे। जहां सुरक्षा कम दिखाई देती, वहां खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते और चोरी के बाद अंदरूनी रास्तों से फरार हो जाते थे ताकि पुलिस की नजर से बच सकें। चोरी की गाड़ियों और गैस सिलेंडरों को वे औने-पौने दामों में बेच देते थे और उससे मिले पैसे नशे और मौज-मस्ती में खर्च कर देते थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलें और विभिन्न इलाकों से चुराए गए सात गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। बरामद बाइक में परिवादी की चोरी हुई स्प्लेंडर प्लस भी शामिल है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे स्मैक और अन्य नशे के आदी हैं। पुलिस का मानना है कि दोनों लंबे समय से वाहन चोरी और नकबजनी की घटनाओं में सक्रिय थे। हरमाड़ा थाना पुलिस अब आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में जयपुर, अजमेर और उत्तर प्रदेश क्षेत्र में हुई कई अन्य वाहन चोरी और नकबजनी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

# पुरुषोत्तम मास में गौदान महादान है




**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा मे पुरुषोत्तम मास शुरू होने के साथ ही कस्बे के प्रत्येक कोने में जहां एक और विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है वही धार्मिक कथाओं का कार्यक्रम भी निरंतर जारी। इन्हीं धार्मिक कथाओं के अंतर्गत नोखा में प्रथम बार विष्णु पुराण कथा का आयोजन भी हो रहा है स प्रेस नोट जारी करते हुए आयोजन समिति के सदस्य ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि आज कथा में कान्हा सेवा समिति के चलाये जा रहे गौमाता के प्रकल्प में विष्णु पुराण कथा आयोजन मे गौमाता के लिए झोली फैलायी गयी जिसमे 20100 नकद राशि प्राप्त हुई। विश्नोई धर्मशाला में आयोजित हो रही कथा का वाचन श्री मरूनायक पीठाधीश्वर पंडित भाईश्री के मुखारविंद से सरल एवं सहज भाषा में किया जा रहा है तथा इस कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 तक है। राधेश्याम सोनी ने बताया की आज कथा में पंडित भाईश्री ने आख्यान मे ध्रुव का वन गमन, राजा वैन की कथा, भगवान के दशावतार के अंतर्गत महाराज पृथु का चरित्र, नरसिंह अवतार एवम वामन भगवान के अवतार की व्याख्या की। वामन भगवान की सजीव झांकी मे बालक सौरभ सोनी ने किरदार निभाया। कथा के पूर्ण होने पर नियमित रूप से प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी रहता है। आज कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

## पद्मिनी एकादशी पर गुप्त वृंदावन धाम में 108 माला महाजप यज्ञ आयोजित

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में पद्मिनी एकादशी पर भव्य 108 माला हरे कृष्ण महामंत्र महाजप यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन में देश-विदेश सहित जयपुर के 400 से अधिक भक्तों ने भाग लेकर अखंड हरिनाम संकीर्तन किया। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने सुबह करीब 5 बजे से रात 8 बजे तक लगातार 14 घंटे से अधिक समय तक हरे कृष्ण महामंत्र का जप किया। प्रत्येक साधक ने 108 माला जप का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान पूरा परिसर हरिनाम संकीर्तन और महामंत्रों की दिव्य ध्वनि से भक्तिमय बना रहा। महाजप यज्ञ में ग्लोबल हरे कृष्ण मूवमेंट तथा अक्षय पात्र फाउंडेशन के चेयरमैन मधु पंडित प्रभुजी ने भक्तों को भावपूर्ण एवं ध्यानपूर्वक हरिनाम जप का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक तनाव और अशांति से मुक्ति पाने का सबसे सरल उपाय भगवान के पवित्र नामों का जप है। यह आयोजन पुरुषोत्तम मास के दौरान चल रही कथा श्रृंखला एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सम्पन्न हुआ, जिसका आयोजन मधु पंडित प्रभुजी के मार्गदर्शन एवं ओमप्रकाश मोदी के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंगल आरती, गुरु पूजा, श्रील प्रभुपाद वचनों का पाठ और सामूहिक जप सत्र भी आयोजित किए गए। कई भक्त जूम और यूट्यूब लाइव के माध्यम से भी जुड़े। गुप्त वृंदावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने बताया कि यह आयोजन समाज में आध्यात्मिक जागृति और वैदिक संस्कृति के प्रचार.प्रसार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 264 मरीज लाभान्वित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीकर स्थित इस्लामिया पीजी कॉलेज में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन एवं ऑर्थोपेडिशियन की विशेषज्ञ टीम द्वारा बीपी, शुगर, मौसमी बीमारियाँ, जोड़ों का दर्द, महिला सम्बंधी बीमारियों सहित विभिन्न बीमारियों के 264 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण व आवश्यक जांच कर नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में इस्लामिया शिक्षण संस्थान सोसायटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सैय्यद मो. शब्बीर, उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान खत्री, सचिव अब्दुल रज्जाक पंवार, कोषाध्यक्ष मकसूद अहमद पठान, इस्लामुद्दीन शेख, फौजिया गौड़ सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए। सोसायटी के सचिव अब्दुल रज्जाक पंवार ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को बेहतर व नि:शुल्क इलाज मुहैया कराने हेतु प्रिंस हॉस्पिटल की टीम व डॉक्टर्स का आभार जताया।

### कार्यालय ग्राम पंचायत शोभासर पंचायत समिति, सुजानगढ़

क्रमांक: ग्राप/2026/28 दिनांक : 27/05/2026

**खूली-निविदा सूचना 01/2026-27**

ग्राम पंचायत शोभासर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन नियम 2013 एवं वाणिज्यिक कर विभाग में सक्षम प्राधिकारी के अधीन वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के अर्न्तगत पंजीकृत फर्मों/सप्लायर्स/एजेंसीयो से ऑपन- टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई जिसकी विस्तृत जानकारी हेतु https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO- ZCR2627A0234
UBN NO-ZCR2627WSOB00380

प्रशासक — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत शोभासर — ग्राम पंचायत शोभासर
पंचायत समिति, सुजानगढ़ — पंचायत समिति, सुजानगढ़

### कार्यालय नगर परिषद, झुन्झुनू (राज.)

क्रमांक :- एफ-6 ( )भूमि/2026-27/3156-57 दिनांक :-26/05/26

आपत्ति विज्ञप्ति

यत: निम्न आवेदक ने उसके नाम के आगे अंकित भूमि का भू-उपयोग मास्टर प्लान/जोनल प्लान में चिन्हित भू-उपयोग के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन कराना चाहता है। अत: राजस्थान नगरपालिका भू-उपयोग परिवर्तन नियम (संशोधित)-2021 के अन्तर्गत 15 दिवसीय आपति-विज्ञप्ति आमंत्रित की जाती है, बाद समयावधि प्राप्त आपतिया विचारणीय नहीं होगी।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भूमि का विवरण | आवेदित भूमि का वर्तमान भू-उपयोग | वांछित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बबीता/अजय सिंह, विनोद/होशियार सिंह निवासी ए 131 बसन्त विहार, झुन्झुनू | भूखण्ड संख्या डी 36 इन्दिरा नगर, क्षेत्र 388.88 वर्गगज | आवासीय | संस्थानिक (अस्पताल) |

**आयुक्त**
**नगर परिषद् झुंझुनू**

### कार्यालय ग्राम पंचायत सोटवारा प.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/360 दिनांक :- 25.05.2026

**ई-निविदा सूचना 02/2026-27**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सोटवारा में अटल ज्ञान सेवा केन्द्र हेतु भवन निर्माण एवं सीढ़ी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 25-05-2026, प्रात: 10:00 बजे से 08-06-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 08-06-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 09-06-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 09-06-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | ग्राम पंचायत सोटवारा म अटल ज्ञान केन्द्र हेतु भवन निर्माण एवं सीढ़ी निर्माण कार्य | 8.00 | ZJU2627A 0233 | ZJU2627WSOB 00410 | 2026_PRD_ 562934_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत सोटवारा से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक** — **ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत सोटवारा — ग्राम पंचायत सोटवारा
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

# मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल, जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व इन्द्रचन्द वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता के सहयोग से 39वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन बुधवार को माहेश्वरी भवन के प्रांगण में हुआ। ट्रस्टी व शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में 135 मरीजो की मोतियाबिंद जांच कर 46 मरीजों का नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयन किया गया व शेष मरीजों को नि:शुल्क दवाई दी गई। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। मानव सेवा के इस अनूठे अभियान का शुभारंभ भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे राकेश जाजू, अर्चित झंवर, मांगीलाल स्वामी, महेश जाजू, डॉ आशना गुप्ता, एडवोकेट कमल सोनी, नन्दकिशोर माटोलिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर शुभारंभ पर एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर शोभित जाजू, मुरलीधर मण्डगिरा, एडवोकेट रामोतार ठठेरा, महावीर रामगढ़िया, महेंद्र पारीक राजलदेसर, बद्रीप्रसाद पारीक, मोहम्मद जमील, वासुदेव चाकलान, शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम व अनेक गणमान्य व्यक्ति व सैकड़ों मरीज उपस्थित थे।

### कार्यालय ग्राम पंचायत खरिया कनीराम पंचायत समिति, सुजानगढ़

क्रमांक: ग्राप/2026/24 दिनांक : 27/05/2026

**खूली-निविदा सूचना 01/2026-27**

ग्राम पंचायत खरिया कनीराम में वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन नियम 2013 एवं वाणिज्यिक कर विभाग में सक्षम प्राधिकारी के अधीन वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 के अर्न्तगत पंजीकृत फर्मों/सप्लायर्स/एजेंसीयो से ऑपन- टेण्डरिंग प्रक्रिया के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई जिसकी विस्तृत जानकारी हेतु https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB NO- ZCR2627A0232
UBN NO-ZCR2627WSOB00378

प्रशासक — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खरिया कनीराम — ग्राम पंचायत खरिया कनीराम
पंचायत समिति, सुजानगढ़ — पंचायत समिति, सुजानगढ़

**OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER**
**PWD DIVISION I SIKAR**

No. 845 Date 22-05-2026

**Notice Inviting Bid No. 05/2026-27**

Bids for 03 (Three Nos.) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 01.06.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 17.90 Lac.
NIB No. PWD2627A0746
UBN No. PWD2627WSOB03294, PWD2627WSOB03295, PWD2627WSOB03297

Executive Engineer
PWD Dn. I Sikar

DIPR/C/9301/2026

### कार्यालय ग्राम पंचायत बुगाला पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2026-27/16 दिनांक :- 26.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत बुगाला में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र बुगाला के उपर अटल ज्ञान केन्द्र भवन एवं सीढी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 1 | ZJU2627A0234 | ZJU2627WSOB00411 | 2026_PRD_562939_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत बुगाला से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक** — **ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बुगाला — ग्राम पंचायत बुगाला
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू) — पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## सहायक अभियंता कार्यालय में भामाशाह ने करवाया टीन शेड का निर्माण



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे में रहने वाले गोपाल लाल शर्मा सेनि. सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने अपनी धर्मपत्नि स्व. संतोष देवी एंव अपने सुपुत्र स्व. प्रवीण कुमार की पुण्य स्मृति में विधुत विभाग के सहायक अभियन्ता कार्यालय उदयपुरवाटी में एक टिन सेड का निर्माण भामाशाह स्वरूप करवाने पर सहायक अभियन्ता मनफूलसिंह महरिया एंव सहायक राजस्व अधिकारी राजीव रोहिला के द्वारा गोपाल लाल शर्मा का साफा एंव माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। कार्याक्रम में विधुत विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी मंगतु राम वर्मा ठेकेदार रविन्द्र सिंह, उपभोक्ता लिपिक नाथूराम सैनी भामाशाह प्रेरक दलीप गुर्जर समेत विद्युत विभाग के अनेकों कर्मचारी उपस्थित रहें।

### कार्यालय नगरपालिका नीमकाथाना राज0

क्रमांक :- न0पा0नीम0/2026-27/1157 दिनांक :- 03/05/2026

**ई निविदा सूचना क्रमांक 22/2026-27**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2026-27 में आवश्यक सेवायें ली जाने / विभिन्न कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आंमत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड एवं अपलोड **http://sppp.raj.nic.in** पोर्टल पर डाउनलोड किये जा सकते है। उक्त निविदा सूचना **http://sppp.raj.nic.in** पोर्टल पर दिनांक 22.05.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की NIB Code DLB2627A2171 यूबीएन DLB2627SLRC05566 हैं।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका नीमकाथाना**

**राज.संवाद/सी/26/3632**

# श्रवण कुमार सैनी बने जिला अध्यक्ष

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** देश के अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सैनी सभा के द्वारा राजस्थान मैं जिला इकाई तक के संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी की अभिशंषा पर प्रदेश महासचिव डॉ. शिवकुमार सैनी ने झुंझुनू शहर के निवासी श्रवण कुमार सैनी पुत्र नथमल सैनी, निवासी फौजी का मोहल्ला वार्ड नंबर 24 को राष्ट्रीय सैनी सभा का झुंझुनू जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है। श्रवण कुमार सैनी लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। इससे पूर्व उन्हें मार्च 2020 में राष्ट्रीय सैनी सभा का झुंझुनू विधानसभा अध्यक्ष भी बनाया गया था, जहां उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, समाज सेवा और कार्यशैली को देखते हुए अब उन्हें जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रवण कुमार सैनी वर्तमान में राजस्थान टेंट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर भी कार्यरत हैं तथा सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। समाज के विभिन्न कार्यक्रमों और जनहित कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी लगातार देखने को मिलती रही है। राष्ट्रीय सैनी सभा राजस्थान द्वारा प्रदेश में मजबूत संगठन निर्माण और समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से लगातार नए पदाधिकारियों की घोषणा की जा रही है। श्रवण कुमार सैनी की नियुक्ति से झुंझुनू जिले में संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी ने कहा कि श्राष्ट्रीय सैनी सभा द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, उसका मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। समाज को संगठित करने, युवाओं को जोड़ने और समाजहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। संगठन को झुंझुनू जिले में और अधिक मजबूत बनाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही झुंझुनू इकाई जून में संगठनात्मक विस्तार को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# ईद उल अजहा आज, घर-घर में होगी कुर्बानी की रस्म अदा

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कुर्बानी का प्रमुख इस्लामिक पर्व ईद उल अजहा गुरुवार को पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत के माहौल में मनाया जाएगा। बुधवार को सभी प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में तैयारियां अंतिम रूप दिया गया। सुबह फर्ज की नमाज के बाद से ही विभिन्न मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज अदा करने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। दिल्ली रोड स्थित ईदगाह में शहर की मुख्य नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगीए जिसमें बड़ी संख्या में नमाजी शामिल होंगे। वहीं जौहरी बाजार क्षेत्र में नमाज का समय सुबह 6:20 बजे निर्धारित किया गया है। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देंगे और अमनए खुशहाली और तरक्की की दुआएं मांगेंगे। घर-घर में कुर्बानी की रस्म अदा की जाएगी। बुधवार को शहर की बकरा मंडियों में भी जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। मंडियों में अलवरी, जमनापरी, बरबरी, सिरोही, मारवाड़ी, शेखावाटी और परबतसरी नस्ल के बकरों की विशेष मांग रही। व्यापारी आकर्षक नस्लों और अलग-अलग वजन के बकरों के जरिए ग्राहकों को लुभाने में जुटे रहे। शहर मुफ्ती मोहम्मद जाकिर नोमानी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी के दौरान साफसफाई और सामाजिक संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें तथा जरूरतमंद और गरीब लोगों तक भोजन पहुंचाकर भाईचारे और बराबरी का संदेश दें। वहीं चीफ काजी खालिद उस्मानी ने सभी नागरिकों से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस.प्रशासन को सूचित करें।

# गंभीर विकलांगता रोग से ग्रस्त दो बालकों को ट्राई साइकिल वितरित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने मुख्यमंत्री इलेक्ट्रिक व्हीकल चेयर योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुधवाली के गंभीर विकलांगता रोग से ग्रसित दो बालकों को ट्राई साइकिल वितरित की। इसके साथ ही संबंधित परिवार को पालनहार योजना, पेंशन योजना एवं राशन जैसी सरकारी योजनाओं से भी तत्काल जोड़ा गया। वहीं कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी एवं उनके सहयोगी दीनदयाल भाटी द्वारा दो लेपटॉप निःशुल्क उपलब्ध करवाए गए। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारीयों ने उक्त परिवार को राज्य सरकार द्वारा दी गयी सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष तालनिया, अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक, हिम्मत सिंह, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, दीपक मुरारका, बजरंग लुहानीवाल, सुरेश घारू, हेमन्त पंवार, प्रदीप पारीक, राजेश भावनानी, सुशील इन्दौरिया, प्रशान्त तंवर, मेजर सिंह, राकेश गौड़, खाजन सिंह, सुनील शर्मा, बलवीर स्वामी, मनीष महर्षि सहित कई भाजपाई उपस्थित थे।

# मदन गौशाला में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान आयोजित

नंदलाल गौड़



**लोसल (नवयत्न)।** श्री मदन गौशाला, लोसल में बुधवार को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, लोसल की ओर से वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान एवं पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण के महत्व, जल की उपयोगिता तथा इसके सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. दीपक शंकर बागुल उपनिदेशक ने कहा कि गिरते भू-जल स्तर और बढ़ती गर्मी को देखते हुए जल का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस दौरान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा गौशाला परिसर की पानी की खेलियों की साफसफाई कर गौवंश के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। साथ ही पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण एवं उचित देखभाल संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम उपनिदेशक डॉ. दीपक शंकर बागुल के निर्देशन में आयोजित हुआ। इसमें वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल लाल रणवा, डॉ. महेश कुमार बामणिया, होशियार सिंह पशुधन प्रसार अधिकार पशुधन निरीक्षक राकेश कुमार, पवन खेदड़ डालू राम एवं धर्मेंद्र सिंह विकास ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। गौशाला अध्यक्ष महावीर प्रसाद पंसारी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर गौसेवक, पशुपालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# परिंडे लगाकर दिया जल संरक्षण व पर्यावरण बचाने का संदेश



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** मेहाड़ा जाटूवास के राजकीय पशु चिकित्सालय केंद्र में बुधवार को श्वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास काला ने की। अभियान के तहत चिकित्सालय परिसर एवं आसपास साफसफाई अभियान चलाया गया। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिंडे लगाए गए। डॉ. विकास काला ने आमजन एवं पशुपालकों को जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए नियमित रूप से दाना एवं स्वच्छ पानी की व्यवस्था करना मानवीय जिम्मेदारी है। इस दौरान डॉ. दीपक, पशु निरीक्षक देवेन्द्र रावत, सुनील, आशीष शर्मा, विजय एवं विजेश सहित अन्य कर्मचारियों ने भी पक्षियों के लिए परिंडे लगाए और अभियान में सहभागिता निभाई।

# पद्मनी एकादशी पर की गौ सवामणी

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** पद्मनी एकादशी के पावन अवसर पर बुगाला स्थित पं गणेश नारायण सुरभि गोशाला में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैप्टन महेश बुगालिया ने बताया कि इस दौरान गौभक्तों ने गौ सवामणी का आयोजन कर गायों को हरा चारा, गुड़, लापसी एवं तरबूज खिलाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गौसेवकों ने भाग लेकर गोमाता की पूजा-अर्चना कर सेवा कार्य किए। गौशाला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पद्मनी एकादशी पर गौ सेवा करने का विशेष महत्व माना जाता है। इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं ने गायों के लिए सवामणी लगाई और गर्मी को देखते हुए तरबूज खिलाकर सेवा की। इस अवसर पर उपस्थित गौभक्तों ने नियमित रूप से गौशाला सहयोग का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को गौ सेवा से जुड़ने का संदेश दिया। इस मौके पर शिवनारायण बुगालिया, मनोहर सिंह शेखावत, महावीर स्वामी, महेंद्र केडिया, हरीराम जांगिड़, मामराज बुगालिया, महीपाल कुमावत, पवन शेखावत, महावीर बुगालिया, नीतीश स्वामी आदि ने सेवाएं दी।

# कर्मचारियों ने सरकार को दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के आह्वान पर प्रदेशभर में कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने बुधवार को विभिन्न जिलों और विभागों में एक घंटे का सामूहिक कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के तहत कर्मचारियों ने आरजीएचएस योजना के निजीकरण का विरोध किया। साथ ही समर्पित अवकाश सरेंडर लीव के भुगतान पर लगी कथित रोक हटाने, बजट घोषणाओं को लागू करने, संविदा एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने तथा 25 सूत्री मांग पत्र को पूरा करने की मांग की। महासंघ के पदाधिकारी रवी शर्मा, फतेह बहादुर और पवन कुमार ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों और सुविधाओं पर लगातार चोट कर रही है।

वहीं महासंघ के पदाधिकारी शेर सिंह यादव और देवेन्द्र नरूका ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय विधायक आवास पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर विधायक पूसाराम गोदारा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन धारण करके उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे, जिन्होंने देश को लोकतंत्र, वैज्ञानिक सोच और विकास की मजबूत नींव प्रदान की। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चाकलान, देहात ब्लॉक अध्यक्ष भानीराम मेघवाल, सज्जन बाटड़, फकीर चंद दानोदिया, भागीरथ खीचड़, दलीप बिस्सू, सुरेंद्र हुड्डा, कयूम गौरी, जगदीश सोनी, फारुख खान, संजय पुरोहित, प्रदीप सैनी, जाकिर तेली, इरफान तगाला, सेठी, खालिद पठान सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** चांदपोल स्थित नींदड़ रावजी का रास्ता स्थित श्री नृसिंहजी मंदिर अग्रवाल पंचायती में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ विश्राम हुआ। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। व्यासपीठ से कथावाचक गोपालदास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की 16,108 रानियों के साथ विवाह तथा सुदामा चरित्र का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के अंतिम दिन विभिन्न मंदिरों के महंत, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों ने व्यासपीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर के महंत अमित शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। आयोजनकर्ता महेश चंद्र अग्रवाल, पं. मनमोहन शर्मा, शिवराज वर्मा, विनोद सोनी और रमेश वर्मा ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। मंदिर समिति अध्यक्ष चेतन अग्रवाल एवं महामंत्री कैलाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि सात दिवसीय कथा की पूर्णाहुति 28 मई को हवन.यज्ञ के साथ होगी।

# पूर्व सीएम विजयन के ठिकानों पर छापेमारी

## भड़के कार्यकर्ता : ईडी पर किया हमला

नई दिल्ली।

**प्रवर्तन** निदेशालय ने बुधवार को सीएमआरएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आवास समेत कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों के अनुसार, राज्य में कुल 10 परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत की है। जांच एजेंसी ने तिरुवनंतपुरम स्थित पिनराई विजयन के किराए के घर पर भी छापा मारा। मामले में आरोप है कोचिन मिनरल्स एंड रुटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) ने 2018 से 2019 के बीच पिनराई विजयन की बेटी टी वीना की कंपनी एक्सालॉजिक सॉल्यूशंस को 1.72 करोड़ रुपये का अवैध भुगतान किया था। आरोप है कि आईटी कंपनी ने सीएमआरएल को कोई सेवा नहीं दी थी।

### हाई कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

मंगलवार को केरल हाई कोर्ट ने सीएमआरएल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें कंपनी ने ईडी की कार्रवाई को रद्द करने की मांग की थी। ईडी ने इन आरोपों की जांच के लिए साल 2024 में पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था।



### ईडी की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन

सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसी राजनीतिक कारणों से कार्रवाई कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने तिरुवनंतपुरम में ईडी अधिकारियों के वाहन को निशाना बनाया। बताया गया कि प्रदर्शन के दौरान ईडी की गाड़ी पर हमला किया गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष पिनराई विजयन के आवास के बाहर बुधवार को हंगामा देखने को मिला। सीपीआई(एम) कार्यकर्ताओं ने ईडी अधिकारियों की गाड़ी पर हमला कर दिया।

# असम में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पास, विपक्ष ने किया विरोध

नई दिल्ली।

असम विधानसभा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक, 2026 पारित कर दिया है, जिसका उद्देश्य राज्य में विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप सहित सभी निवासियों के लिए एक समान नागरिक कानूनी ढाँचा तैयार करना है। यह विधेयक, भाजपा का एक प्रमुख चुनावी वादा था, जो बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाता है और विवाह तथा लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य करता है, जबकि विपक्ष ने इस पर विरोध प्रदर्शन किया। असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक, 2026 पारित कर दिया। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सोमवार को यह विधेयक सदन में पेश किया था। इसके साथ ही असम पूर्वोत्तर का पहला और उत्तराखंड एवं गुजरात के बाद भाजपा शासित तीसरा राज्य बन गया है जिसने इस विधेयक को पारित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। विधेयक विपक्ष के हंगामे के बीच पारित हुआ, जिसने इसे चयन समिति को भेजने की मांग की है। यूसीसी 2026 के असम विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के प्रमुख वादों में से एक था, और राज्य मंत्रिमंडल ने इस महीने की शुरुआत में अपनी पहली बैठक में इसके मसौदे को मंजूरी दी थी। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य के सभी निवासियों के लिए एक समान नागरिक कानूनी ढांचा तैयार करना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190